




दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 256/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ▪आर.एन.आई 22296/71 ▪डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 4 मई 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in







सांध्यप्रकाश विशेष

## पीएम मोदी ने भगवान शिव की तरह... ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस पर बोला हमला



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पीएम मोदी के लिए दिए गए बयान और बजरंग दल को बैन करने की बात को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला. उन्होंने बुधवार (3 मई) को कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान नीलकंठ की भांति विपक्ष की एक-एक गाली को पीकर देश का विकास किया है।

सिंधिया ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा है कि ये मुझे सांप कहते हैं, ये इस बात को न भूलें कि भगवान शिव की गर्दन पर नागदेवता विराजमान हैं. जैसे भगवान शिव ने विष पीकर एक नया अध्याय शुरू किया था वैसे ही पीएम ने विपक्षियों की गालियों को पीकर देश को प्रगित के पथ पर अग्रसर किया है। उन्होंने कांग्रेस के घोषणापत्र पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस देश विरोधी पीएफआई को कांग्रेस की सरकार ने नई ऊर्जा दी थी बीजेपी सरकार ने उस पीएफआई को जेल की सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है. ये बीजेपी का संकल्प है कि आप सभी लोगों को साथ लेकर कर्नाटक को आगे लेकर जाना है. दरअसल, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करते हुए उसे बैन करने की बात कही है।

**खरगे और उनके बेटे ने दिया था बयान**

गौरतलब है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल ही में कर्नाटक में एक चुनावी सभा में पीएम मोदी को जहरीला सांप कहा था. हालांकि उन्होंने बाद में सफाई दी थी कि उन्होंने पीएम को सांप नहीं कहा था बल्कि जिस बीजेपी और आरएसएस की विचारधारा का वो नेतृत्व करते हैं उसको लेकर बयान दिया था. इसके कुछ दिन बाद ही उनके बेटे और पूर्व मंत्री प्रियंक खरगे ने पीएम मोदी को नालायक कहा था।

## आईएएस परी का रिश्ता विधायक भव्य से, धूमधाम से सगाई, शादी दिसंबर में



**शिमला।** आदमपुर विधायक और हरियाणा के पूर्व सीएम भजनलाल के पौत्र भव्य विश्नोई की आईएएस अफसर परी बिश्नोई के साथ बुधवार को सगाई हो गई। भव्य के पिता कुलदीप बिश्नोई के परिवार के साथ उनके बड़े भाई पूर्व डिप्टी सीएम चंद्रमोहन बिश्नोई, फतेहाबाद विधायक दूड़ाराम बिश्नोई भी इस सगाई समारोह में शामिल हुए।

बिश्नोई परिवार की महिलाएं नई बहू परी के साथ ढोल की थाप पर जमकर नाची। भव्य की दादी जस्मा देवी और मां रेणुका समेत परिवार की सभी महिलाओं ने नई बहू को आशीर्वाद दिया। सभी ने खुशी में जमकर नाच भी किया। बीकानेर का मुकाम गाँव बिश्नोई समुदाय के मुकाम मुक्ति धाम मंदिर के पवित्र स्थल के लिए प्रसिद्ध है। यह बीकानेर-जोधपुर स्टेट हाईवे पर स्थित है। दोनों की मंगनी मई में की जाएगी।

पिछले साल भव्य बने विधायक: 2022 में आदमपुर विधानसभा उपचुनाव में भव्य बिश्नोई पहली बार विधायक बने। उनके पहले इस सीट पर उनके पिता कुलदीप बिश्नोई विधायक थे। उनके इस्तीफे के बाद यह सीट खाली हुई, जिसमें भाजपा ने भव्य को अपना उम्मीदवार बनाकर उतारा था। भव्य बिश्नोई ने इससे पहले 2019 में हिसार लोकसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट से चुनाव लड़ा था। लेकिन, भाजपा के बृजेंद्र सिंह ने उन्हें हरा दिया था।

## आईपीएस ने लिखी डॉन रवि पुजारी को पकड़ने की कहानी



**मुंबई।** पुलिस आयुक्त विवेक फनसलकर ने हाल ही में डॉ अमर कुमार पांडे की पुस्तक 'ए डॉन्स नेमेसिस' लॉन्च की। इसकी लॉंचिंग के साथ ही इस पर फिल्म बनाने की घोषणा हो गई। फिल्म निर्माता राकेश डांग और निर्देशक उमेश शुक्ला ने स्क्रीन प्ले के लिए पुस्तक के कथानक की घोषणा की! 'ए डॉन्स नेमेसिस' डॉ अमर कुमार पांडे की लिखी किताब है, जिसमें डॉन रवि पुजारी का पीछा करने और उसकी गिरफ्तारी के दौरान के अनुभवों का विस्तार से विवरण है। एक आईपीएस अधिकारी द्वारा संचालित यह बेहद लंबा ग्लोबल मिशन था, जिसके बाद उसकी नियोजित गिरफ्तारी हुई थी!

डॉ अमर कुमार पांडे एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और कर्नाटक राज्य के पूर्व पुलिस महानिदेशक हैं। उन्हें अपने जुझारू काम और सेवाओं के लिए जाना जाता है। डॉ पांडे ने अपने एक प्रमुख ऑपरेशन, कुख्यात डॉन रवि पुजारी की गिरफ्तारी के बारे में लिखी दूसरी पुस्तक को लॉन्च किया। 'ए डॉन्स नेमेसिस' नाम की इस किताब का विमोचन पुलिस, आम नागरिक, प्रेस और फिल्म उद्योग के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त विवेक फनसलकर थे। ( शेष पेज 8 पर )

## ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा के सेवा विस्तार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लगाई केंद्र को फटकार



**नई दिल्ली।** भारतीय राजस्व सेवा के 1984 बैच के अधिकारी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के निदेशक संजय कुमार मिश्रा को और सेवा विस्तार नहीं देने के निर्देश के बावजूद उनके कार्यकाल की अवधि तीसरी बार बढ़ाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई है. सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या कोई व्यक्ति इतना जरूरी हो सकता है कि उसके बिना काम नहीं हो सके?

शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने 2021 के अपने फैसले में स्पष्ट रूप से कहा था कि सेवानिवृत्ति की आयु होने के बाद प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक के पद पर रहने वाले अधिकारियों को दिया गया कार्यकाल का विस्तार छोटी अवधि के लिए होना चाहिए और उसने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि मिश्रा को सेवा में आगे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा।

अदालत ने कहा, ''क्या संगठन में कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है, जो उनकी जिम्मेदारी निभा सके? क्या कोई व्यक्ति इतना जरूरी हो सकता है कि उसके बिना काम ही नहीं हो सके?'' न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने केंद्र की पैरवी कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा, ''आपके हिसाब से, प्रवर्तन निदेशालय में कोई अन्य व्यक्ति योग्य नहीं है? एजेंसी का 2023 के बाद क्या होगा, जब वह सेवानिवृत्त होंगे?' ( शेष पेज 8 पर )

# शिवराज कैबिनेट ने दी श्रीराम गमन पथ न्यास गठन को मंजूरी

### दतिया-खजुराहो का जुड़ेगा हवाई कनेक्शन



भोपाल। संवाददाता। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में श्रीरामचन्द्र गमन पथ न्यास के गठन की अनुमति दी गई है। इसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। न्यास में 33 न्यासी होंगे। इसके अलावा बैठक में दतिया हवाई पट्टी को उड़ान योजना के तहत राज्य शासन की ओर से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विकसित एवं संचालित करने के लिए एमओयू निष्पादित करने का निर्णय लिया गया। पहले चरण में दतिया से भोपाल और दतिया से खजुराहो मार्ग पर हवाई सेवाएं प्रारंभ की जाएंगी।

प्रत्येक विकासखंड में दो कृषक उत्पादक संगठन के गठन की अनुमति भी कैबिनेट द्वारा दी गई। संगठन का मुख्य कार्य कृषि उत्पाद की विपणन और किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का होगा। मंदसौर के मल्हारगढ़ और सागर की जैसीनगर तहसील में अनुविभागीय कार्यालय और सीहोर के दोराहा को तहसील बनाने का निर्णय भी लिया गया। आयुक्त भू-अभिलेख और प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय के एकीकरण संबंधी प्रस्ताव पर कोई निर्णय नहीं हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रस्ताव पर और विचार किया जाए।

कैबिनेट बैठक में नगरपालिका पोर्टल दो के संचालन की भी अनुमति दी गई। इसके माध्यम से नागरिकों को आनलाइन सुविधाएं मिलेंगी। विभिन्न प्रकार के शुल्क आनलाइन जमा कर सकेंगे और आवश्यक अनुमति भी मिल जाएंगी।

## प्रदेश में 10 जून को मनाई जाएगी खुशियों की दिवाली

मध्यप्रदेश में वर्ष 2023 के लास्ट में विधानसभा इलेक्शन होने वाले हैं और इसी को मद्देनजर रखते हुए तमाम पॉलिटिकल पार्टियां कई बड़ी घोषणाएं कर रहे है। सभी को एक दूसरे को टक्कर देने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इन सबके मध्य आपको बता दें कि मध्यप्रदेश में 10 जून को उत्सव और जश्न का वातावरण बना रहेगा। दरअसल 10 जून को करोड़ों लोगों के मध्य खुशियां आने वाली है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 10 जून का दिन हिस्टोरिकल होगा। उस दिन मेरी बहने गीत गुनगुनाएं, दिपक जलाएं और आनंद मनाएं। बता दें कि 10 जून को मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा लागू की गई स्कीम 'लाडली बहना योजना' की प्रथम इंस्टॉलमेंट बहनों के अकाउंट आएंगे। जानकारी के लिए आपको बता दें कि, मध्यप्रदेश में शिवराज सरकार द्वारा शुरू की गई स्कीम 'लाडली बहना योजना' में पंजीयन करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी।

## जंतर-मंतर पर रेसलर विनेश फोगाट का बड़ा ऐलान- हम सभी मेडल करेंगे वापस



नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर देश के कई बड़े पहलवान मिलकर धरना दे रहे हैं। इस बीच रेसलर विनेश फोगाट ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि- हम सभी मेडल वापस करेंगे। बता दे कि रेसलर्स और पुलिस के बीच बुधवार देर रात झड़प हो गई। प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों ने आरोप लगाया है कि, पुलिस ने उनपर हमला किया और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। जानकारी के मुताबिक, झड़प के बाद विनेश और साक्षी जैसी मेडल जीतने वाली रेसलर्स रोने लगीं।

पहलवानों के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर आम आदमी पार्टी ने दोपहर 12 बजे बड़ी बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि, इस बैठक में क्के विधायकों, पार्षद और पदाधिकारी शामिल होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, बीती रात फोल्डिंग पलंग को लाने के चलते पुलिस से उनकी झड़प हो गई। पहलवानों का आरोप है कि उन्होंने बारिश की वजह से सोने के लिए बेड मंगवाए थे, जिसे पुलिस ने लाने से रोक दिया। धरना दे रहे दो से तीन लोगों को चोट लगी है। घटना में विनेश फोगाट के भाई भी घायल हो गए हैं। इन सबके बीच आज यानी गुरुवार को बजरंग पूनिया ने कहा कि हम अपने मेडल्स भारत सरकार को लौटा देंगे। पहलवानों का कहना है कि पुलिस ने बबीता फोगाट, गीता फोगाट के छोटे भाई दुष्यंत फोगाट का सिर फोड़ दिया।

### कांग्रेस सांसद हुड्डा पहुंचे, हिरासत में लिया

जब घटना की जानकारी कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा को हुई तो वे देर रात पहलवानों से मिलने जंतर-मंतर पहुंचे। वहां पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। हिरासत के बाद उन्हें वसंत विहार पुलिस चौकी पर रखा। कांग्रेस सांसद ने गुरुवार सुबह ट्वीट कर अपने गिरफ्तार होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब मैं अपनी बेटियों का हाल जानने जंतर-मंतर पहुंचा तो दिल्ली पुलिस ने मुझे धरनास्थल के बाहर हिरासत में ले लिया और वसंत विहार थाने ले आई है। उनकी एक वीडियो भी वायरल हो रही है, जिसमें वह लगातार कहते दिख रहे हैं कि मैं अकेले ही अंदर जाऊंगा, मुझे जाने दिजिए।

### कांग्रेस बेटियों के साथ

कांग्रेस ने ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक के रोने और उनकी सहयोगी विनेश फोगाट को सांत्वना देने वाले वीडियो को टैग करते हुए ट्वीट किया। कांग्रेस ने लिखा कि ये हैं हमारे देश की बेटियां, देश के सम्मान की रक्षा की और हमें कई पदक दिलाए। उन्होंने गृह मंत्री पर भी आरोप लगाया। कहा कि आज पुलिस और गृह मंत्री अमित शाह पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं।

## मेरा मणिपुर जल रहा है, मदद करिए, मैरी कॉम ने पीएम मोदी से देर रात मांगी मदद



नई दिल्ली। मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणी में शामिल करने की मांग का विरोध करने के लिए छात्रों के एक संगठन द्वारा आहूत 'आदिवासी एकता मार्च में बुधवार को हजारों लोग शामिल हुए। इस आदिवासी आंदोलन के दौरान हिंसा भड़क गई, जिसके बाद कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया और पूरे मणिपुर में अगले पांच दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।मणिपुर में भड़की हिंसा के बीच भारतीय महिला मुक्केबाज मैरी कॉम ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगी। मैरी कॉम ने देर रात करीब पौने तीन बजे ट्वीट किया, मेरा राज्य मणिपुर जल रहा है। कृपया मदद कीजिए। मैरी कॉम ने इस ट्वीट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री कार्यालय, गृहमंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को टैग करते हुए मणिपुर में आगजनी की फोटो शेयर की हैं। मणिपुर में सेना और सशस्त्र बलों की मदद से हिंसा पर काबू पाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि रैली में हजारों आंदोलनकारियों ने हिस्सा लिया और इस दौरान तोरबंग इलाके में आदिवासियों और गैर-आदिवासियों के बीच हिंसा की खबरें आईं।

अधिकारी ने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। उन्होंने कहा कि स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है लेकिन कई आंदोलनकारी पहाड़ियों के विभिन्न हिस्सों में अपने घरों को लौटने लगे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए, गैर-आदिवासी बहुल इंफाल पश्चिम, काकचिंग, थौबल, जिरिबाम और बिष्णुपुर जिलों और आदिवासी बहुल चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। राज्यभर में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को तत्काल प्रभाव से पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया है लेकिन ब्रॉडबैंड सेवाएं चालू है।

### जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना का हेलीकॉप्टर क्रैश, सवार थे 3 जवान

किश्तवाड़। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ से एक बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, भारतीय सेना का एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि, यहां मारवाह इलाके में यह क्रैश हुआ है। इसमें दो से तीन लोग सवार थे। हादसे का पता चलते ही पुलिस और सेना की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। बचाव अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, जो हेलिकॉप्टर दुर्घनाग्रस्त हुआ है वो सेना का रू। ध्रुव हेलीकॉप्टर है। सेना के तीन अधिकारी हेलिकॉप्टर पर जा रहे थे, बताया जा रहा है।

### चारधाम यात्रा के बीच उत्तराखंड में भूकंप के झटके, लाखों शृद्धालु फंसे

देहरादून। चारधाम यात्रा के बीच उत्तराखंड में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए है. बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके से धारधाम यात्रा कारण पहुंचे यात्री दहशत में आ गए है. जानकारी के अनुसार भूकंप के झटके गुरुवार सुबह 9-52 बजे के करीब चमोली और रुद्रप्रयाग जिले में महसूस किए गए, जिसके बाद लोग अपने-अपने घरों, दफ्तरों और दुकानों से बाहर निकल कर आ गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.3 नापी गई है. हालांकि अभी भूकंप से किसी भी तरह की जनहानि की जानकारी नहीं मिली है. फिलहाल आपदा कण्ट्रोल विभाग जिले से लगातार भूकंप को लेकर अपडेट लिए आ रहेहै। गौरतलब है कि इन दिनों उत्तराखंड में चारधाम की यात्रा चल रही है, जिसके चलते लाखों श्रद्धालु केदारनाथ, बद्रीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री पहुंच रहे हैं. इस बीच अचानक आए भूकंप के झटकों ने स्थानीय लोगों के साथ-साथ श्रद्धालुओं को भी मन में डर पैदा कर दिया है .हालांकि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है।

## ड्रोन अटैक के बाद बौखलाया रूस, यूक्रेन पर किए ताबड़तोड़ हमले, 21 लोगों की मौत, 48 घायल



नई दिल्ली। रूस-यूक्रेन में 1 साल से भी ज्यादा समय से जारी युद्ध में बुधवार शाम एक बड़ी खबर सामने आई थी। दरअसल, रूस के अधिकारियों ने दावा किया था कि यूक्रेन ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर जानलेवा हमला किया है। उन्होंने कहा था कि यूक्रेन ने पुतिन पर ड्रोन हमले किए हैं और राष्ट्रपति पुतिन बाल-बाल बचे हैं।

रूसी राष्ट्रपति के ऑफिस क्रेमलिन पर हुए ड्रोन अटैक के बाद ये जंग अब और भी विकराल रूप लेती नजर आ रही है। दोनों देशों की सेनाएं लगातार एक-दूसरे पर बढ़त हासिल करने के लिए हमलों को अंजाम दे रही हैं। इन सबके बीच अब रूस यूक्रेन में ताबड़तोड़ हमलों को अजाम दे रहा है। रूस के क्रेमलिन पर हमले के बाद रूस ने यूक्रेन पर हमला किया, जिसमे 21 लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है और 48 लोगों के घायल होने की भी खबर है।

जानकारी के मुताबिक यूक्रेन के अंदर और बाहर रूसी सैनिक अलर्ट मोड में है और कई शहरों ताबड़तोड़ हमले कर रहे है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि बुधवार शाम रूस के राष्टपति भवन पर ड्रोन हमला हुआ था, जिसमें कयास लगाए जा रहे हैं कि यूक्रेन ने रूस के राष्टपति पर हमला करवाया है। इन सबके बीच अब रूस के पूर्व राष्टपति दिमित्री मेदवेदेव का भी एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी हमले के बाद यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की को खत्म करना पड़ेगा। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।

### रूस के पूर्व राष्ट्रपति ने दी जेलेंस्की को मारने की धमकी

बुधवार शाम रूस के अधिकारियों ने दावा किया था कि यूक्रेन ने रूस के राष्टपति व्लादिमीर पुतिन पर जानलेवा हमला किया है। रूस के अधिकारियों ने दावा किया था कि यूक्रेन ने पुतिन पर ड्रोन हमले किए हैं और राष्ट्रपति पुतिन बाल-बाल बचे हैं। इन सबके बीच अब रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव का भी एक बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस आतंकवादी हमले के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को खत्म करना पड़ेगा। इसके अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि आज के आतंकी हमले के बाद हमारे पास कोई विकल्प नहीं बचा है और अब जेलेंस्की को मारना ही पड़ेगा। पुतिन को जैसे ही हमले की जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत ही एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। रूसी पार्लियामेंट ने राष्टपति वलोडिमिर जेलेंस्की पर मिसाइल से हमला करने को कहा है। पार्लियामेंट ने कहा है कि इस हमले के जवाब में कीव में जेलेंस्की के घर पर ही मिसाइल दागी जाए।

### द केरला स्टोरी की रिलीज के खिलाफ याचिका पर सुनवाई नहीं



नई दिल्ली। जब से फिल्म 'द केरला स्टोरी' का ट्रेलर रिलीज हुआ है, सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियारों और आम लोगों के बीच चर्चाएं छिड़ गई। फिल्म का विरोध करने वालों ने इसकी रिलीज पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका भी दायर की। इसका जवाब अब कोर्ट ने दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने विवादित फिल्म 'द केरला स्टोरी' की रिलीज पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि सेंसर बोर्ड ने पहले ही फिल्म को मंजूरी दे दी है। याचिकाकर्ताओं को फिल्म के प्रमाणीकरण को एक उपयुक्त प्राधिकरण के समक्ष चुनौती देनी चाहिए। यह बेंच फिलहाल नफरत फैलाने वाले भाषणों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। अदा शर्मा अभिनीत फिल्म 5 मई को रिलीज होने वाली है, इसने एक बड़ा विवाद पैदा कर दिया जब यह दावा किया गया कि 32,000 महिलाओं ने राज्य छोड़ दिया है। जैसे ही फिल्म का टीजर जारी किया गया, सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम और यूडीएफ ने मांग की कि फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं की जानी चाहिए।

# सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने अब निगम आयुक्त ले रहे जायजा



## कई क्षेत्रों में निरीक्षण कर गंदगी फैलाने वालों पर लगाया जुर्माना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के दृष्टिगत् शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और गंदगी फैलाकर निगम द्वारा की जा रही सफाई व्यवस्था में व्यावधान उत्पन्न करने वाले तथा कचरा पृथक-पृथक न रखने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए और बाल विहार के सामने स्थित होटल में गीले-सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन न रखने पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही अपने समक्ष ही कराई। चौधरी ने अनेल नालों की सफाई कार्यों का भी अवलोकन किया और कार्यों को बेहतर ढंग से शीघ्रता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए और कचरा वाहनों में पृथक-पृथक कचरा परिवहन की व्यवस्था एवं सुलभ शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया साथ ही गोंडीपुरा में निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया। निगम आयुक्त चौधरी ने करोंद मंडी में गीला-सूखा कचरा पृथक-पृथक रखने व प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक का उपयोग न किए जाने के दृष्टिगत् मंडी सचिव के साथ बैठक की और पॉलीथिन प्लास्टिक का उपयोग न करने हेतु एनाउसमेंट कराकर समझाइश देने और समझाइश के बाद भी पॉलीथिन का उपयोग करने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की चेतावनी देने के निर्देश दिए। मंडी में पॉलीथिन का उपयोग करने वाले व्यवसायियों से पॉलीथिन भी जप्त कराई। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एम.पी.सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने बुधवार को आजाद मार्केट स्थित सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया और शौचालय में साफ-सफाई एवं जनसुविधा को और अधिक बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने यहां डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कार्य में संलग्न सीएनजी वाहन का भी अवलोकन किया और सदैव गीला-सूखा व अन्य प्रकार का कचरा अलग-अलग कम्पार्टमेंट में ही रख कर गार्बेज ट्रासंफर स्टेशन तक पहुंचाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने जूमेराती गेट के सामने नाले व छोला अंडर ब्रिज नाले की सफाई कार्य का भी अवलोकन किया और सफाई के दौरान सदैव सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने तथा नालों की बेहतर ढंग से सफाई शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। कैंची छोला अंडर ब्रिज के समीप पुलिया पर मूत्र त्यागने वाले युवक पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही कराई। निगम आयुक्त ने लक्ष्मी टाकीज, बाल विहार क्षेत्र स्थित होटल गणेश भण्डार के संचालक द्वारा गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखने हेतु दुकान पर दो डस्टबिन न रखने पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही कराई और गीले-सूखे कचरे के लिए दो डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने की समझाइश भी दी।

नगम आयुक्त चौधरी ने करोंद मंडी का भी निरीक्षण किया और व्यवसायियों द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन प्लास्टिक का उपयोग किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और व्यवसायियों से पॉलीथिन जप्त कर स्पॉट फाईन करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने करोंद मंडी में मंडी सचिव के साथ बैठक की और कचरे को पृथक-पृथक रखने तथा पॉलीथिन का उपयोग न करने हेतु निरंतर अनाउसमेंट करा कर समझाइश देने और समझाइश के बाद भी पॉलीथिन/प्लास्टिाक कर उपयोग करने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त चौधरी ने गोंडीपुरा में निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन के कार्यों का अवलोकन किया और कार्यों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त कर कार्यों को शीघ्र पुरा करने के निर्देश दिए।



संत हिरदाराम नगर। महापौर ने संत नगर नगर के वार्ड क्रमांक 3 4 5 का स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान दौरा किया एवं प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने का दुकानदारों से आह्वान किया और साफ सफाई का निरीक्षण करते हुए सफाई के प्रति दिशानिर्देश जारी किए डॉक्टर ज्ञानचंदानी क्लीनिक के सामने बहते सीवेज के कारण नाराजगी व्यक्त की एवं मेन रोड पर कहीं भी सीवेज नहीं वहना चाहिए इस पर दिशा निर्देश जारी दिये साथ पार्षद वार्ड 5 अशोक मारन राम बंसल जोनल अधिकारी पीएचई के अधिकारी यंत्री विभाग के अधिकारी उपस्थित थे

# सोना फूड्स इंडस्ट्रीज पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने जड़ा ताला

**भोपाल** । प्रदेश सरकार के द्वारा मिलावट खोरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है उसी अभियान के तहत बुधवार 3 मई 2023 को औद्योगिक क्षेत्र में अभियान चलाया गया। जिसमें सोना फूड्स को सील किया गया। जानकारी के अनुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर भोपाल आशीष सिंह निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा 19बी, सेक्टर बी, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया स्थित सोना फूड्स में अत्यधिक अस्वाथ्यकर परिस्थितियों (गंदगी) के बीच फ्राईम का उत्पादन होना पाये जाने के कारण प्रतिष्ठान को सील किया गया ।



# बुद्ध जयंती समारोह में हुई भाषण और निबंध प्रतियोगिता



**भोपाल।** बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी भोपाल में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के द्वारा तथागत भगवान बुद्ध की त्रिगुण पावन जन्म, बुद्धत्व और महापरिनिर्वाण, वैशाख बुद्ध पूर्णिमा, दिनांक 05 मई को 2567वीं पवित्र बुद्ध जयंती समारोह-2023 के रूप मे हर्षोल्लास से मनाया जा रहा हैं जिसमे आज बच्चों के कौशल विकास के लिए भाषण ओर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया भाषण प्रतियोगिता में 21 ओर निबंध प्रतियोगिता 26 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें 7 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर भाषण सरल और साधारण शब्दों के वाक्यों का प्रयोग करके विद्यार्थियों भाषण ओर निबंध प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर बौद्ध धर्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने कहा की भाषण और भाषा कौशल बच्चों को दूसरों को समझने की क्षमता देते हैं बोलने का कौशल हमारे द्वारा सीखे जाने वाले सबसे महत्वपूर्ण कौशलों में से एक है, क्योंकि वे हमें दूसरों के साथ संवाद करने और अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने की अनुमति देते हैं। जिससे बच्चों के भीतर अत्त दीप भावों अर्थात आप स्वयं प्रकासित होने की भावना तैयार होकर सहानुभूति और करुणा विकसित करने में मदद करता है। प्रतियोगिता का मूल्यांकन वंदना मुल्ताइकर ,संघमित्रा भालेराव ,राहुल पाटील ने किया।

आज गुरुवार, सायंकाल 5 बजे सामूहिक ध्यान साधना, सायं 6 बजे-वैशाख बुद्ध पूर्णिमा धम्म रैली, सायं 7:30 बजे हजारों दीप प्रकाशमान कर दीप पूजा ओर बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय लोकानुकंपाय के लिए सर्वधर्म के सम्मानित धर्माचार्य ओर समाजसेवीओ द्वारा विश्वशांति मंगल मैत्री वंदना सायं 8:30 बजे पुण्यनुमोदन कार्यक्रम होगा।

# एलएनसीटी विश्वविद्यालय पुरुष वर्ग में दूसरा एवं महिला वर्ग में तीसरा स्थान प्राप्त किया




**भोपाल।** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय के तत्वधान में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में एलएनसीटी विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 अंकों के साथ भारतवर्ष में पुरुष वर्ग में दूसरा स्थान, एवं महिला वर्ग में 10 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया, इस ऑल इंडिया ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता में भारतवर्ष के विभिन्न विश्वविद्यालयों की 48 महिला एवं पुरुष टीमों ने भाग लिया। सिंगल्स पुरुष वर्ग में बीपीईएस के विजय सिसोदिया ने कांस्य पदक, पुरुष डबल्स मुकाबले में कृष्णकांत, सिद्धांत, नरेंद्र ने कांस्य पदक, पुरुष ट्रिपल मुकाबले में ध्रुव खन्ना, मुकेश, भरत, जटाशंकर, लक्ष्य, मयूरेस व्यास ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मिक्स डबल्स मुकाबले में गुंजन मिश्रा, हिमांशी एवं दीपक ने रजत पदक प्राप्त किया, बही महिला वर्ग के ट्रिपल मुकाबले में रुकमणी, लता, सोनाली, प्रियंका, इशिका ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में एमडीयू प्रथम, आईआईएमटी मेरठ ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । वहीं महिला वर्ग में एमडीयू प्रथम, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वितीय स्थान पर रहा।

# जनसंपर्क अधिकारियों का काम बहुत ही महत्वपूर्ण : केजी सुरेश

**जनसंपर्क अधिकारियों का दो दिवसीय दक्षता उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम**

## सूचना का अधिकार ब्रम्हास्त्र है : विजय मनोहर तिवारी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के सिटी कैंपस स्थित विकास भवन में जनसंपर्क अधिकारियों के दो दिवसीय दक्षता उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. केजी सुरेश एवं मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त विजय मनोहर तिवारी ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. सुरेश ने कहा कि सरकार के कार्यों को जनता बीच पहुंचाने का महत्वपूर्ण दायित्व जनसंपर्क अधिकारियों के कंधों पर होता है। इसलिए आपका काम बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दो दिवसीय आयोजन से सभी जनसंपर्क अधिकारियों को बहुत कुछ नया सीखने को मिलेगा । इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त विजय मनोहर तिवारी ने सूचना के अधिकार विषय पर महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए । उन्होंने सभी जनसंपर्क अधिकारियों से कहा कि सूचना का अधिकार ब्रहास्त्र है और इसका प्रयोग जरुरत आने पर सोच समझकर ही करना चाहिए । तिवारी ने कहा कि लोक सूचना अधिकारियों को विशेष रुप से धारा 7, 20, 8 एवं 11 को तो जरुर पढ़ना चाहिए । श्री तिवारी ने कहा कि यदि लोक सूचना अधिकारी इसे ध्यान से पढ़ लेंगे और समझ लेंगे तो बहुत सी परेशानी से बच सकते हैं । इसके बाद के सत्रों में डीन अकादमिक प्रो. डॉ पी शशिकला ने शासकीय जनसंपर्क गतिविधियों में सोशल एवं डिजिटल मीडिया का रचनात्मक उपयोग, वरिष्ठ पत्रकार एवं एडजंक्ट प्रोफेसर गिरीश उपाध्याय ने जिला एवं संभाग स्तर पर प्रचार रणनीति निर्माण की प्रक्रिया एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व निदेशक व विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिसचिव लाजपत आहूजा ने मीडिया प्रबंधन एवं शासकीय जनसंपर्क के नए आयाम विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए । प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. (डॉ.) अविनाश वाजपेयी, निदेशक प्रशिक्षण लाल बहादुर ओझा एवं जनसंपर्क अधिकारी उपस्थित थे।

# मोरबी क्रिकेट एकेडमी ने जेतपुर को 3-1 से हराया



**भोपाल।** दर्शन ग्लोबल इंडिया क्रिकेट ग्राउंड कगवाड़ जेतपुर में खेले गए यह सीरीज मोरबी क्रिकेट एकेडमी एवं ग्लोबल इंडिया जेतपुर के बीच थी। जिसमें पहले मैच में ग्लोबल इंडिया जेतपुर ने मोरबी क्रिकेट एकेडमी को 18 रन से हरा दिया परंतु इस हार के बाद मोरबी क्रिकेट एकेडमी ने ग्लोबल इंडिया को जश्न मनाने का कोई मौका नहीं दिया बाद में खेले गए दूसरे मैच में 1 विकेट से विजय प्राप्त करी जिसमें सर्वाधिक रन वर्चस्व शर्मा 33, प्रियांशु द्विवेदी 27 , मनन 19 और राधे यादव 10 रन रहे रहे । गेंदबाजी में हमेशा से शानदार प्रदर्शन करने वाले मोरबी क्रिकेट एकेडमी के गेंदबाज जयवीर सिंह जाला के आगे ग्लोबल इंडिया जैतपुर के किसी भी बल्लेबाज की नहीं चली जयवीर ने 5 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए और मैन ऑफ द मैच रहे।

# यूनीसेफ पदाधिकारियों ने की नगर निगम के नवाचारों की सराहना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



महापौर मालती राय ने कहा है कि नगर निगम भोपाल शहर में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के साथ ही बच्चों की सुरक्षा एवं उनके बेहतर भविष्य हेतु हर संभव प्रयास करेगा। यह विचार महापौर ने यूनिसेफ द्वारा बच्चों की सुरक्षा हेतु संचालित सुरक्षित शहर पहल के संबंध में आहूत बैठक में व्यक्त किये। बैठक में अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, निगम आयुक्त , नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता के अलावा महापौर परिषद के सदस्यगण, पार्षदगण एवं यूनीसेफ व नगर निगम के अधिकारी मौजूद थे।

आईएसबीटी स्थित निगम कार्यालय में बुधवार को आयोजित बैठक में नगर निगम द्वारा शहर के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही विभिन्न सामाजिक उत्थान व जनकल्याणकारी कार्यों विशेषकर सुविधाओं से वंचित बच्चों के सुरक्षित एवं उज्जवल भविष्य के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में महापौर मालती राय ने कहा कि शहर में साफ-सफाई, पानी, बिजली, सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को व्यापक स्तर पर नागरिकों को उपलब्ध करा रहा है साथ ही सामाजिक उत्थान व जनकल्याणकारी कार्यों के संबंध में भी लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। महापौर श्रीमती राय ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा हेतु यूनिसेफ के सहयोग से जो कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं वे सराहनीय हैं। श्रीमती राय ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के लिए निगम द्वारा हर संभव प्रयास किये जायेंगे और निगम स्तर पर जो भी कार्यवाही आवश्यक होगी उसे सुनिश्चित किया जायेगा।

इस अवसर पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने अनाश्रित बच्चों की शिक्षा, विकास एवं भविष्य के संबंध में सार्थक कदम उठाने एवं इस हेतु योजना तैयार कर उस पर कड़ाई से पालन करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि ऐसे बच्चे जिन्हें असामाजिक तत्वों द्वारा भिक्षावृत्ति आदि के कार्यों में जबरन संलिप्त किया जाता है उनके पुनर्वास तथा जिन बच्चों की किसी भी कारण से शिक्षा जारी नहीं रह सकी है उन्हें पुनः स्कूल में भेजने की भी योजना तैयार की जाना चाहिए। निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने कहा कि नगर निगम का अमला शहर को साफ-स्वच्छ, सुरक्षित और सर्वसुविधायुक्त बनाने हेतु प्रतिबद्ध है और इस दिशा में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। नगर निगम भोपाल द्वारा किये जा रहे नवाचारों से प्रभावित होकर यूनिसेफ का राष्ट्रीय स्तर दल तीन दिवसीय भ्रमण पर राजधानी भोपाल में है और इसी दल के साथ भोपाल पधारी यूनिसेफ के बाल संरक्षण कंट्री हेड सुश्री सोलेडेड ने कहा कि उन्हें इस बात का हर्ष है कि भोपाल में नगर सरकार के तहत काफी सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं और इस मॉडल को भारत के सभी प्रदेशों शहर को अपनाना चाहिए। सुश्री सोलेडेड ने कहा कि यूनीसेफ की टीमें समय-समय पर भोपाल में लर्निंग विजिट करेंगी। बैठक में यूनिसेफ दिल्ली की बाल संरक्षण विशेषज्ञ तनिष्का मध्य प्रदेष से बाल संरक्षण विषेषज्ञ लोलिचेन पी. जे. एवम यूनिसेफ के अन्य अधिकारियों सहित सुरक्षित शहर पहल परियोजना से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



भोपाल। अर्घ्य कला समिति एवं चिल्ड्रन्स थिएटर अकादमी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित उच्चस्तरीय नाट्य प्रशिक्षण शिविर का आयोजन अर्घ्य प्रेक्षा गृह गांधी भवन के पास श्यामला हिल्स में किया जा रहा है। इसमें 16 वर्ष से कम एवं 18 वर्ष से बच्चों को के लिए अगल अलग समय में प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें गायन, वादन, नृत्य आदि की कलाओं से बच्चों को रुबरू कराया जा रहा है।

# हर क्षेत्र में महिलाएं सशक्त होकर आगे आई और अलग पहचान बनाई: शिवराज सिंह

## जोनतला में 41 करोड़ रूपये लागत के अनेक निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमि-पूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल





मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की अनेक योजनाओं से महिलाओं ने हर क्षेत्र में सशक्त एवं आत्म-निर्भर होकर एक अलग पहचान बनाई है। लाड़ली लक्ष्मी योजना से बेटियों को समाज में सम्मान मिला है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना से गरीब माता-पिता, बेटियों की शादी की चिंता से मुक्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव लायेगी और उन्हें और मजबूत करेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के जोनतला में 41 करोड़ 16 लाख की लागत से बनने वाली 10 सड़क, एक बाउण्ड्री वॉल और एक स्वागत द्वार के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि स्थानीय निकायों के चुनाव में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से बड़ा बदलाव आया है। राज्य सरकार द्वारा शिक्षकों की भर्ती में महिलाओं के लिए 50 तथा पुलिस में 30 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में प्रतिमाह मिलने वाले 1000 रूपए से महिलाएँ अपनी अनेक जरूरत पूरा कर पाएंगी। उन्होंने कहा कि जून माह से प्रदेश की सवा करोड़ बहनों के खाते में प्रतिमाह 1000 रूपए राशि डाली जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कृषि के विकास और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजना बना कर क्रियान्वित की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप आज किसानों की न केवल आमदनी बढ़ी है, बल्कि उनके जीवन-स्तर में भी बदलाव आया है। आज सिंचाई सुविधाएँ उपलब्ध होने से किसान भाई पूरे साल फसल ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोनतला में भी सिंचाई के लिए नर्मदा नदी से पानी लाया जाएगा। राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी किसानों भाइयों से मूंग की खरीदी करेगी। उन्होंने कहा कि मूंग खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की कार्यवाही बेहतर ढंग से की जाए।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि गरीब माता-पिता के प्रतिभाशाली बच्चे पढ़ाई से वंचित न रहे, इसके लिए छात्रों की मेडिकल, इंजीनियरिंग और आईआईएम की पूरी फीस राज्य सरकार द्वारा भरी जा रही है। साथ ही सरकारी नौकरियों की परीक्षा की तैयारी के लिए बुधनी में मामा कोचिंग क्लासेस भी चलाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि जोनतला के विकास के लिए सभी ग्रामवासी मिल कर काम करें। जोनतला में सामुदायिक भवन और व्यायाम शाला बनाई जाएगी और तालाब का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। उन्होंने बासगहन में ओलावृष्टि से हुए नुकसान का सर्वे करने के निर्देश भी दिए।

# चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने किया विकास कार्यों का भूमि-पूजन

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बुधवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड-71 के सम्राट कॉलोनी शिव मंदिर से सेमरा बेरिकेट तक डामर सड़क निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में देश और प्रदेश निरंतर प्रगति-पथ पर आगे बढ़ रहा है।

मंत्रीसारंग ने कहा कि नरेला विधानसभा में भी विकास की गंगा अविरल प्रवाहित हो रही है। वर्ष 2008 के पहले नरेला में पेयजल का भीषण संकट था। वहीं अब हर घर नर्मदा जल पहुँचाया जा रहा है। आज नरेला विधानसभा के रहवासियों को सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के साथ ही सीएम राइज स्कूल, शासकीय कॉलेज, थीम पार्क, 7 फ्लाई-ओवर के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मिली है। कार्यक्रम में रहवासियों ने डबल डीपी से शिव मंदिर सम्राट कॉलोनी तक रोड-शो के माध्यम से मंत्री श्री सारंग का विकास कार्यों के लिए आभार माना। स्थानीय जन-प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के रहवासी उपस्थित रहे।

# विवाह बंधन में बंधे 409 जोड़े, परविार सहित आयोजन में मौजूद रहे मंत्री गाेविंद सिंह राजपूत





## राहतगढ़ में कन्यादान विवाह निकाह योजना का समारोह, मुख्यमंत्री ने भी ऑनलाइन जुड़कर दिया वर-वधुओं को आर्शीवाद

**सागर।** मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने परिवार के संग उपस्थित होकर 409 जोड़ों को नवदांपत्य जीवन में प्रवेश कराया। इस अवसर पर इंद्र देव ने प्रसन्न होकर अमृत वर्षा की वही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल से मुख्यमंत्री निवास से वर्चुली आशीर्वाद एवं शुभकामनायें दी। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह के अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार ने बेटियों के सम्मान में अनेक योजनाएं प्रारंभ की हैं जिसके परिपेक्ष में मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह भी शामिल है।

उन्होंने कहा कि पहले हमारी बेटियों की शादी करने में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था और परिवार चिंतित रहता था किन्तु मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान परिवार जनों की चिंता को देखते हुये ना केवल कन्यादान समारोह में राशि बढ़ाने का कार्य किया बल्कि अब सीधे बेटियों के खाते या उनके नाम पर 49000 का चेक देने का कार्य कर रहे हैं। राजस्व एवं परिवहन मंत्री राजपूत ने कहा कि आज आप सभी का नया घर स्थापित हो रहा है उनकी खुशी में इंद्रदेव भी प्रसन्न हो गए हैं और धीमे-धीमे अपनी खुशी को जाहर कर आशीर्वाद के रूप में अमृत वर्षा कर रहे हैं ।

मंत्री राजपूत ने कहा कि इस समारोह के पूर्व मैंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया था कि विधानसभा क्षेत्र के समस्त ग्रामों में जाकर सूचित करें कि यदि किसी बेटा बेटी की शादी होना है तो वह आकर मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह में आकर अपनी शादी करें इसी का फल है कि आज राहतग? में आयोजित कार्यक्रम में 409 युवक-युवतियों ने दांपत्य जीवन की शुरूआत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब हमारी बेटियां 49000 रूपये की राशि से अपनी मर्जी एवं पसंद का सामान खरीद सकेंगी। इस अवसर पर नव विवाहिता जोड़ों को राजपूत ने एवं उनकी धर्मपत्नि ने शुभकामनायें एवं आर्शीवाद दिया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सविता राजपूत द्वारा अपने स्वयं की राशि से सभी विवाहित जो?ों के लिये सा?ी एवं सुहागन सामग्री प्रदान की गई। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र जैसीनगर विकासखंड में 21 मई से 23 मई तक एक ब?ा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसमें बागेश्वर धाम के पीठाधीश पंडित श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपना दरबार लगाकर धर्म सभा करेंगे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार राहतग? विकासखंड में जून माह में एक बहुत ब?ा मेला आपके मनोरंजन के लिए लगाया जाएगा जिसका लाभ आप सभी लें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने समस्त नव दंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि आज मैं बहुत खुश हूं कि मुझे इतनी बेटियों की शादी में शामिल होने का अवसर एक ही स्थान पर मिला है उन्होंने कहा कि सभी बेटा बेटी खुश रहें और आनंद से अपना जीवन व्यतीत करें यही मेरी कामना है पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं मंत्री श्री राजपूत के ब? भाई गुलाब सिंह राजपूत ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह के अवसर पर बाराती घराती एवं नव दंपतियों का स्वागत स्थानीय बुंदेलखंडी व्यंजनों के साथ किया गया जिसकी प्रशंसा सभी बराती बरात होने की मंत्री श्री राजपूत ने नव दंपति को साधन विहीन नव दंपतियों को उनके घरों तक पहुंचाने की वाहन उपलब्ध कराएं इस शुभ अवसर पर मंच के माध्यम से बुंदेलखंडी गीतों का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, गुलाब सिंह राजपूत, विनोद कपूर, गोविंद सिंह बट वायदा, श्री श्रीवास्तव, नीरज शर्मा, पप्पू, अमित राय, श्रीमती मीना आदिवासी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी सी शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अशोक सेन, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस.के. प्रजापति, तहसीलदार राहुल गौड़, सीएमओ आरसी अहिरवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एवं नव दंपत्ति घराती बराती शामिल हुये।

# पत्रकार पर हमले को लेकर प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया ने 2 हफ्ते में मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** मध्यप्रदेश में पत्रकार पर किए कातिलाना हमले पर भारतीय प्रेस परिषद ने संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, सचिव (गृह) पुलिस विभाग, जिला अधिकारी रायसेन, डीजीपी मध्य प्रदेश और पुलिस अधीक्षक रायसेन को नोटिस भेज कर दो हफ्ते के अन्दर मांगा जवाब मांगा है। मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के मंडीदीप थाना क्षेत्र में पत्रकार व उसके परिजनों पर दबंगों द्वारा किये कातिलाना हमले के मामले को प्रेस काउंसिल ऑफ इण्डिया ने संज्ञान लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात को रायसेन जिला अन्तर्गत औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप निवासी पत्रकार अरविन्द सिंह जादौन और उनके परिवार के ऊपर दबंगों द्वारा लाठी डंडों और छूरी चाकू से कातिलाना हमला किया गया जिसमें उनको और परिजनों को गम्भीर रूप से चोटें आई हैं और सभी अस्पताल में भर्ती हैं जिनका इलाज चल रहा है।सूत्रों द्वारा यह भी पता चला है कि नगरपालिका चुनाव से सम्बन्धित प्रत्याशी नारायण साहू के भ्रष्टाचार आदि से जुड़ी खबरों का प्रकाशन उनके द्वारा किया गया था जिसके चलते अरविन्द सिंह जादौन उनके परिजनों पर नारायण साहू व उसके समर्थकों द्वारा कातिलाना हमला किया गया है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अगर कोई पत्रकार किसी के विरोध में खबर लिखता है तो क्या हमला करना ही एक विकल्प है? कानून व्यवस्था का कोई मतलब नहीं रह गया सवाल यह भी उठता है कि क्या शासन की लचर कानून व्यवस्था के चलते ही अपराधियों एवम माफियाओं के हौसलें लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। सुशासन की डींगे हांकने वालों को इस ओर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है क्या प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्याम सिंह पंवार की जानकारी में जैसे ही मामला सामने आया तत्काल ही उन्होंने प्रेस काउंसिल के संबंधित अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत करवाया। मामले से अवगत होते ही प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष ने संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश शासन के मुख्य सचिव, सचिव (गृह) पुलिस विभाग, जिला अधिकारी रायसेन, डीजीपी मध्य प्रदेश और पुलिस अधीक्षक रायसेन से दो हफ्ते के अन्दर जवाब मांगा है।

# पीएम ने युवाओं को रोजगार देने के बदले अपनी ब्रांडिंग पर खर्च किए अरबों रुपए: विभा पटेल



**भोपाल।** मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी ब्रांडिंग की खातिर अरबों रुपए खर्च कर दिए। इतनी बड़ी रकम देश के 70 साल के इतिहास में पहले किसी भी प्रधानमंत्री पर खर्च नहीं की गई। ये खुलासा एक आरटीआई कार्यकर्ता के कारण सोशल मीडिया पर हुआ है। आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा मांगी गई जानकारी में पता चला कि पीएम मोदी के प्रचार-प्रसार में 4,343.26 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। विभा पटेल ने कहा कि पीएम की ब्रांडिंग के नाम पर खर्च हुई राशि से भाजपा की कलई खुल गई है। वास्तव में ये जन विरोधी सरकार है। इसका विकास से कोई नाता नहीं है। न ही ये सशक्त, आत्म निर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत भारत बनाने की पक्षधर हैं। विभा पटेल ने कहा कि 4,343.26 करोड़ रुपए में देश में बढ़ती पेट्रोल-डीजल की कीमतों को कम किया जा सकता था। बेलगाम महंगाई नियंत्रित हो सकती थीं। देश से भुखमरी दूर की जा सकती थीं। बेरोजगार नौजवानों को रोजगार दिया जा सकता था। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने मदद की जा सकती थीं। युवतियों को नौकरियां दी जा सकती थीं। विभा पटेल ने कहा कि आज देश में एम्स, आईआईएम, आईआईटी जैसे उच्च कोटि संस्थानों की कमी है। श्रीमती पटेल ने कहा कि सस्ती लोकप्रियता की भूख के कारण बड़ी धन राशि पीएम की ब्रांडिंग के नाम पर खर्च की गई। ये धन राशि जनता से मिले टैक्स की है। लेकिन पीएम को इसकी परवाह कहां है।

# एम्स ने बायोमेडिकल रिसर्च को प्रोत्साहित करने के लिए यूजी रिसर्च फोरम बनाया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

एम्स के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह के संरक्षण में यूजी रिसर्च फोरम का गठन किया है । फोरम का उद्देश्य अंडरग्रेजुएट छात्रों को बायोमेडिकल शोध करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें अपने शोध कौशल को बढ़ाने के लिए विभिन्न विचारों को प्रस्तुत करने और चर्चा करने का अवसर प्रदान करना है।

यूजी रिसर्च फोरम को डीन एकेडमिक, डीन रिसर्च, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और मेडिकल सुपरिंटेंडेंट द्वारा सलाह दी जाएगी। डॉ. दीप्ति जोशी को फोरम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि डॉ. शुभम अटल संयोजक होंगे। नर्सिंग कॉलेज और आयुष सहित विभिन्न विभागों के तेरह संकाय सदस्य और ग्यारह छात्र दल यूजी रिसर्च फोरम का नेतृत्व करेंगे । फोरम छात्रों को अपनी अनुसंधान क्षमताओं को प्रदर्शित करने और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ बातचीत करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा ।

यूजी रिसर्च फोरम अंडरग्रेजुएट छात्रों के बीच अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें जैव चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी क्षमता का पता लगाने में मदद मिलेगी। यह फोरम युवा प्रतिभाओं को अनुसंधान परियोजनाओं को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा और उन्हें आवश्यक अनुसंधान कौशल विकसित करने में मदद करेगा। यूजी रिसर्च फोरम के गठन से विभिन्न शैक्षणिक विषयों के छात्रों को आकर्षित करने और एम्स भोपाल में अनुसंधान उन्मुख वातावरण बनाने की उम्मीद है । फोरम की पहल छात्रों को उनके ज्ञान के आधार को व्यापक बनाने में मदद करेगी और उन्हें जैव चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में योगदान करने में सक्षम बनाएगी।

एम्स भोपाल अपने छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है । यूजी रिसर्च फोरम का गठन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और संस्थान आने वाले वर्षों में जैव चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण मील के पत्थर हासिल करने की उम्मीद करता है।

# 50 लाख की ब्राउन शुगर के साथ मां-बेटा गिरफ्तार

## रतलाम पुलिस की बड़ी कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ मध्यप्रदेश पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। रतलाम जिले में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मां और बेटे को गिरफ्तार कर पुलिस ने उनसे ब्राउन शुगर जब्त की है। आरोपियों से बरामद की गई 505 ग्राम ब्राउन शुगर की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपये है।

रतलाम पुलिस को सूचना मिली थी कि बस क्रमांक MP 09 FA 8951 में जामुनी रंग का हिजाब पहने एक महिला और उसके साथ सफेद रंग की शर्ट पहने एक लड़का, जिसके बाल बड़े हैं एवं उसने चोटी रखी है। ये दोनों ब्राउन शुगर लेकर शाम 7 बजे रतलाम के फव्वारा चौक से इंदौर के लिए जाने वाले हैं। इस सूचना के आधार पर रतलाम के पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनील पाटीदार व नगर पुलिस अधीक्षक हेमन्त चौहान के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित की गई। थाना प्रभारी स्टेशन रोड श्री किशोर पाटनवाला के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को बस से पक?कर तलाशी ली, दोनों के पास से 250 ग्राम एवं 255 ग्राम ब्राउन शुगर के दो पैकेट बरामद किए। जिसका अंतर्राष्ट्रीय मूल्य लगभग 50 लाख रुपये है। दोनों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुए मादक पदार्थ के साथ दो मोबाइल व नकदी भी जब्त किए हैं। महाराष्ट्र के हैं दोनों आरोपी: पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि दोनों आरोपी महाराष्ट्र के अकोला जिले के आकोट फेल के रहने वाले हैं। इस प्रकरण में पुलिस ने 24 वर्षीय अफजल खान पिता खलील खान पठान और उसकी मां 55 वर्षीय मल्लिका खातून पति खलील खान पठान को गिफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से पुलिस रिमांड प्राप्त करके उनसे तस्करी के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

आरोपियों पर पहले भी दर्ज हैं मामले: पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हैं। आरोपी अफजल खान के विरुद्ध आकोट फेल थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज हैं। वहीं उसकी मां मल्लिका खातून पठान भी अपने क्षेत्र में ब्राउन शुगर की पुड़िया बेचती है। मध्यप्रदेश पुलिस आरोपियों के संबंध में अकोला पुलिस (महाराष्ट्र) से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर रही है।

सम्पादकीय

# रोजगार की मारामारी

वैसे तो बेरोजगारी की समस्या हर जगह है। और हमारा भारत तो अब जनसंख्या के मामले में दुनिया भर में शीर्ष पर पहुंच गया है, तो हमारे लिए रोजगार और भी बड़ी चुनौती बन गया है। यहां फिलहाल बात मध्यप्रदेश की करते हैं, जहां हम चुनाव की चौखट पर खड़े हैं और शायद यही कारण है कि रोजगार का मुद्दा भी एक बार फिर सुरसा की भांति मुंह बाए खड़ा दिख रहा है।

ऐसा नहीं है कि बेरोजगारी चार साल नहीं रही, लेकिन बात मुद्दे की हो रही है। चार साल तो दूसरे मुद्दों में




उलझाकर रखा गया। हालांकि जो भी सत्ता में रहता है, उसका प्रयास तो यही होता है कि लोगों को असल मुद्दों से भटकाया जाता रहे। पर चुनाव आते ही मुद्दों की बात तेज हो ही जाती है। खबर आई है रोजगार को लेकर, वो भी आंकड़ों के साथ। प्रदेश में ज्यादातर सरकारी नौकरियां आउट सोर्स के माध्यम से हो रही हैं, कोई स्थाई पद नहीं। केवल संविदा पर नौकरी करना है, तो करो। इसमें भी बहुत आसान नहीं है। दिखावे के लिए सोर्स नहीं लगता, लेकिन आउट सोर्स वाली कंपनियां या एजेंसियां उन्हें अनुबंध देने-दिलाने वालों का तो ध्यान रखती ही हैं, रखना पड़ता है।

स्थाई नौकरियों की प्रदेश में वाकई बहुत ही मारामारी है, इसका अंदाजा कुछ आंकड़ों से लगा सकते हैं। जैसे इस साल 6000 पटवारियों की भर्ती निकली, तो परीक्षा के लिए 12.80 लाख बेरोजगारों ने आवेदन किया। इनमें 4 लाख इंजीनियर, एमबीए पासआउट और पीएचडी धारक हैं। यानि इन डिग्रियों की खास कीमत नहीं। पटवारी का काम तो अलग है। लेकिन वेतन की बात नहीं है, ऊपर से आने वाला माल बहुत होता है। खैर, बात केवल रोजगार की हो रही है। तो जिला रोजगार कार्यालयों में दर्ज आंकड़ों की बात भी कर लेते हैं। वहां ताजा हाल यह है कि 30.64 लाख बेरोजगार रजिस्टर्ड हैं और हर दिन ऐसे 2277 युवा रोजगार दफ्तरों से जुड़ रहे हैं। इनमें भी ज्यादातर ग्रेजुएट हैं।

इन आंकड़ों से ये तो साफ है कि इस बार के विधानसभा चुनाव में रोजगार सबसे बड़ा मुद्दा हो सकता है, क्योंकि भाजपा-कांग्रेस दोनों को पता है कि 18 से 45 साल तक के ये सवा तीन करोड़ वोटर सत्ता से बेदखल करने का माद्दा रखते हैं।

वर्तमान सरकार ने 2018 से पहले निजी क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्योगों में 50 प्रतिशत स्थानीय नौकरी अनिवार्य की थी। इसके बाद आई कांग्रेस सरकार ने इसे बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया था। कितने लगे, आंकड़े स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन बेरोजगारी बताती है, इस पर अमल नहीं हुआ। वर्तमान सरकार ने अब अप्रेंटिसशिप के लिए युवाओं को 8000 रु. स्टायपेंड देने और एक लाख भर्ती करने की घोषणा की, जबकि कांग्रेस बेरोजगारों को भत्ता देने का वादा कर रही है।

खबर के कुछ आंकड़े फिर देखें।कर्मचारी चयन मंडल ने 10 साल में एक लाख 70 हजार 726 पदों के लिए 77 भर्ती परीक्षाएं कराईं। इनमें से करीब 98 हजार परीक्षाएं विधानसभा व लोकसभा चुनाव के आसपास ही निकलीं। प्रदेश में 15 साल में 59 बड़ी कंपनियों ने सिर्फ डेढ़ लाख नौकरी दीं, दावे कुछ और ही थे। 2018 में हर साल एक हजार रोजगार दिलाने के नाम पर 15 जिलों के रोजगार दफ्तरों को पीपीपी मोड पर निजी कंपनी को दिया गया था। चार साल इन्हें चलाया गया। ठोस नतीजा नहीं निकला तो कंपनी से एग्रीमेंट खत्म कर दिया गया। बीस साल के दौरान 6 इन्वेस्टर समिट के अलावा 2004 से लेकर 2022 तक 2,22,004.41 करोड़ का निवेश हुआ और 2 लाख 91 हजार 835 को रोजगार मिला।

फिलहाल मध्यप्रदेश में शिक्षित और रोजगार कार्यालयों में दर्ज बेरोजगारों की संख्या तीस लाख से ज्यादा बताई जा रही है, जबकि रोजगार दस प्रतिशत को भी नहीं मिल रहा है। एक सच यह भी है कि बेरोजगारों ने रोजगार कार्यालयों में अपना पंजीयन कराना कम भी कर दिया है, क्योंकि उन्हें यहां से कोई रोजगार मिलने की उम्मीद नहीं। यहां रोजाना बंगलोर, पुणे, मुम्बई, हैदराबाद, गुड़गांव, दिल्ली और अन्य शहरों में रोजगार के लिए जाने वाले युवाओं की बात नहीं कही जा रही। जरूरी नहीं सबको रोजगार मिल ही गया हो। और लाखों युवा रोजाना निजी कंपनियों के चक्कर काटते हैं, कोविड के दौरान छोटे व्यवसायियों के यहां नौकरी से निकाले हुए युवाओं की संख्या भी लाखों में है।

एमएसएमई के माध्यम से लाखों को रोजगार की बात तो कही जाती है, लेकिन सच यह है कि उन उद्योगों की सफलता का प्रतिशत ही पंद्रह के आसपास आ रहा है, तो वे क्या खुद कमाएंगे और क्या दूसरों को रोजगार देंगे? छोटे और कुटीर उद्योगों की बात करें तो सच वहां का भी कड़वा भी है। दस-बारह प्रतिशत का आंकड़ा आता है सफलता का। वो भी यदि सरकारी एजेंसी का साथ मिल जाए, तो। अब ग्रामीण तो छोड़ो, कस्बाई और शहरी क्षेत्रों में भी निजी क्षेत्र में रोजगार कम होता दिख रहा है। हालात बहुत आशाजनक नहीं हैं। बस, चुनावी मुद्दा है, यह भी जाति, धर्म और अन्य फालतू के मुद्दों में कब होम हो जाए, नहीं कह सकते।

# हेट स्पीच का कमाल, राजनीति मालामाल

**सरयूसुत मिश्रा**

हेट स्पीच क्या है? इसको लेकर कोई नियम स्पष्ट नहीं है. कौन सी भाषा, कौन सी बात, हेट स्पीच मानी जाएगी, इसका निर्धारण कैसे होगा? स्वतंत्र स्पीच कब हेट स्पीच में बदल जाएगी यह किस नियम से तय होगा? कहीं ऐसा तो नहीं कि नियम से ज्यादा नियंता की मर्जी हेट स्पीच निर्धारित करेगी।

नफरत और मोहब्बत अस्तित्वगत स्वभाव है. इस स्वभाव का शोषण राजनीति का स्वभाव बन गया है. चुनाव में बहुमत को प्रभावित करने के लिए नफरत और मोहब्बत को उभारने की साज़िशें अगर बंद हो जाएं तो शायद हेट स्पीच की समस्या का समाधान हो सकता है. कर्नाटक विधानसभा चुनाव में साम-दाम, दंड-भेद सारे तरीके आजमाए जा रहे थे लेकिन अचानक चुनावी सियासत में महाबली बजरंगबली अवतरित हो गए हैं।

यह जानते हुए भी कि स्थानीय मुद्दों पर चुनाव को सीमित करने का लाभ कांग्रेस को मिलता है. फिर भी कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में बजरंग बली के नाम से मेल खाते हुए हिंदू संगठन को प्रतिबंधित करने का वायदा करके धर्म की चुनावी संजीवनी विरोधी के हाथ में थमा दी है. समाज में नफरत कोई भी फैलाए तो उसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए. वह चाहे हिंदू संगठन हो मुस्लिम संगठन हो या कोई और हो. इसके लिए किसी को भी नामजद करने की कोई जरूरत नहीं थी लेकिन कांग्रेस ने बड़ी राजनीतिक गलती कर दी है।

हेट स्पीच खासकर राजनीति और धर्म क्षेत्र में जिस शैली भाषा और तरीके से रखी जाती है वही राजनेता और धर्मगुरु के चातुर्य और बुद्धिमत्ता को प्रदर्शित करती है. नफरत और मोहब्बत दोनों ध्रुवीकरण का पैमाना होते हैं. चुनावी राजनीति इसका बखूबी उपयोग करती है. कोई धर्मगुरु अगर यह कहता है कि हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पबद्ध है तो क्या इसे ध्रुवीकरण की कोशिश नहीं माना जाएगा? बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वायदा भी कांग्रेस द्वारा एक समुदाय को तुष्ट करने की कोशिश के रूप में ही देखा जा रहा है।



पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर बीजेपी द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है. इसको लेकर राजनीतिक हलकों में प्रतिक्रियाएं होती रही हैं. कर्नाटक चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं का ध्रुवीकरण निश्चित ही कांग्रेस के लिए लाभदायक रहेगा. इसके लिए यह संदेश देना शायद जरूरी समझा गया कि मुस्लिम विरोधी ताकतों को कुचला जाएगा. बजरंग दल पर प्रतिबंध का वायदा इसी सोच पर आधारित हो सकता है।

बीजेपी के लिए धार्मिक मुद्दे हमेशा से फायदेमंद रहे हैं. बीजेपी के राजनीतिक उत्थान में अयोध्या में राम मंदिर आंदोलन की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही है. भारत का बहुसंख्यक समाज आजादी के बाद से ही अपनी संस्कृति और आस्थाओं के प्रति राजनीतिक पहचान की कटिबद्धता की तलाश में था।

राम मंदिर आंदोलन के रूप में जैसे ही सांस्कृतिक गौरव का विषय उभरा, बहुसंख्यक समाज ने उस राजनीतिक दल को हाथों हाथ उठा लिया. देश के राजनीतिक हालात आज बीजेपी विरुद्ध ऑल की स्थिति में इसीलिए पहुंच गए हैं क्योंकि लंबे समय तक चली राजनीतिक क्रियायों की प्रतिक्रिया में खड़े होने का लोगों को अवसर मिला है।

बीजेपी ने सांस्कृतिक गौरव और आस्था के विषयों को अपने राजनीतिक एजेंडे में हमेशा से शामिल रखा है. भले ही इसके लिए उसको आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो लेकिन उसने इन विषयों को कभी भी नहीं छोड़ा। सुशासन और विकास के पैमाने पर कोई भी राज्य सरकार खरी नहीं उतरती है. सरकार विरोधी रुझान का सामना हर सरकार को करना पड़ता है. कर्नाटक में बीजेपी सरकार को ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है. बजरंग बली के नाम से जुड़े संगठन पर कांग्रेस के प्रतिबंध के वायदे से अचानक बजरंग बली सियासी महाबली के रूप में उतारे गए हैं. प्रधानमंत्री से लगाकर बीजेपी का छोटे से बड़ा हर नेता बजरंगबली का नाम लेकर बहुसंख्यक समाज की आस्था को चोट पहुंचाने के लिए कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर रहा है।

ऐसा बताया जा रहा है कि मतदान के पहले कर्नाटक में गांव-गांव हनुमान चालीसा के पाठ की राजनीतिक रैलियां की जा रही हैं. धर्म और धार्मिक प्रतीकों का चुनाव में उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए प्रतिबंधित है. इसके बाद भी कर्नाटक चुनाव में इनका जमकर उपयोग हो रहा है।

हेट स्पीच और धर्म का राजनीति में उपयोग जब तक नहीं रुकेगा तब तक इस समस्या का निदान संभव नहीं लगता है. दंड प्रक्रिया में प्रावधान कर हेट स्पीच नियंत्रित करना संभव नहीं है. इसके लिए चुनाव सुधारों की जरूरत है. जब तक राजनीतिक सिस्टम को सुधारने के लिए सख्त कदम नहीं उठाए जाएंगे तब तक हेट स्पीच का रुकना असंभव सा है। आजकल राजनीति प्रतिक्रिया स्वरूप ही ज्यादा हो रही है. राजनीति में मौलिकता का अभाव साफ देखा जा सकता है. यह राजनीति का ही कमाल है कि हेट स्पीच, पद-प्रतिष्ठा और वैभव से मालामाल करते हुए दिखाई पड़ती है।

हेट स्पीच के नटवरलालों का जाल फैला हुआ है. सदियों और सालों से यह चल रहा है और ढाई घर घोड़े की यह चाल आगे भी चलती दिखाई पड़ रही है. ऐसी शक्तियों की दाल खूब गल रही है. धर्म की खाल छीली जा रही है. इंसान के स्वभाव को ढाल बनाकर मोतियों की थाल सजाई जा रही है. राजनीति में फूले गाल के लिए सब कुछ निहाल किया जा सकता है. नफरत और घृणा भी राजनीति में लाभ का सौदा साबित हो रही है।

# सौगातों भरा दिन: इंदौर सोलर सिटी विजन और खजुराहो वर्ल्ड क्लास स्टेशन

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

बुधवार 3 मई 2023 को मध्यप्रदेश को दो खास सौगात मिली हैं। वर्ल्ड हैरिटेज खजुराहो में वर्ल्ड क्लास स्टेशन के मॉडल को लांच किया गया है। यह खजुराहो ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश के हिस्से में शामिल बुंदेलखंड के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि मानी जाएगी। बुंदेलखंड के जिलों सागर, दमोह, छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़ और निवाड़ी में रेल सेवाएं तो हैं, लेकिन विश्वस्तरीय? रेल्वे स्टेशन की कल्पना फिलहाल कहीं नहीं दिखाई पड़ती है। वहीं इंदौर महानगर को सोलर सिटी बनाने के लिए विजन डॉक्युमेंट पर मंथन हुआ और अमृत भी छलका है। यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। भले ही सांची पहली सोलर सिटी बनने का तमगा हासिल कर गौरवान्वित कर दे, लेकिन सोलर मेगासिटी बनकर स्वच्छतम शहर इंदौर पूरे विश्व में न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश का परचम फहराएगा। वहीं स्थानों की उपलब्धियों में नेतृत्व की बड़ी भूमिका होती है। इन दो उपलब्धियों में भी खजुराहो से सांसद और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव की सोच और नेतृत्व महत्वपूर्ण है।

बात खजुराहो की करें तो विष्णु दत्त शर्मा के यहां से सांसद बनने के बाद खजुराहो लगातार चर्चा में बना हुआ है। चाहे यहां लगातार सवा सौ से ज्यादा दिनों से चल रहा सफाई अभियान हो या जी-20 की यहां हुई बैठक हो या हवाई सेवा और विकास के नए प्रतिमान हों। यहां जाने पर खजुराहो की नई तस्वीर आंखों को चकाचौंध कर देती है। और अब रेलवे स्टेशन विश्वस्तरीय बनने से देशी-विदेशी पर्यटकों को फील गुड होना स्वाभाविक है। फिलहाल रेलवे स्टेशन के मॉडल का प्रेजेंटेशन किया गया है और साथ ही इस मॉडल को लांच भी किया गया है। इस मॉडल से स्पष्ट है कि खजुराहो का रेलवे स्टेशन सर्वसुविधायुक्त और विश्वस्तरीय होगा। इसके साथ ही इसके भवन में बुंदेलखंड के गौरव महाराजा छत्रसाल की झलक भी दिखाई देगी। स्टेशन के मॉडल के लांचिंग के अवसर पर क्षेत्रीय सांसद के नाते विष्णु दत्त शर्मा ने खजुराहो स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने के लिए बुंदेलखंड और खजुराहो की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त जताया है। वाकई खजुराहो और बुंदेलखंड की जनता के लिए यह बहुत खुशी का अवसर है। स्टेशन में जिन सुविधाओं को समाहित किया जाएगा, वो वर्तमान समय के अनुकूल और विश्वस्तरीय होंगी। इसके साथ ही इसके डिजाइन से बुंदेलखंड हृदय सम्राट महाराजा छत्रसाल के व्यक्तित्व और उनके गौरवपूर्ण इतिहास की झलक भी दिखाई देगी, यह प्रयास किए जा रहे हैं। विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि खजुराहो वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। प्रधानमंत्री ने खजुराहो को देश की आईकॉनिक सिटीज में भी शामिल किया है और यहां




एक पायलट ट्रेनिंग सेंटर भी है। खजुराहो रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त किए जाने से निश्चित रूप से खजुराहो और पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इससे क्षेत्र का विकास तेज होगा तथा रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। नए रेलवे स्टेशन के बन जाने से क्षेत्र के आर्थिक संसाधनों में भी वृद्धि होगी।

वहीं इंदौर को सोलर सिटी बनाने के संकल्प के साथ इंटरनेशनल सोलर डे पर सोलर सिटी का विजन डॉक्युमेंट जारी किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के इंदौर शहर को सोलर सिटी बनाने के संकल्प को पूर्ण करने की दृष्टि से सोलर दिवस के अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में सोलर सिटी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। 'कान्फ्रेंस ऑन मेकिंग इंदौर सोलर सिटी' कार्यक्रम में इन्दौर शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के इंदौर शहर को सोलर सिटी बनाने के संकल्प को दृष्टिगत रखते हुए, सोलर दिवस के अवसर पर इंदौर को सोलर सिटी बनाने हेतु सोलर विजन डॉक्यमेंट व ड्रॉफ्ट पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इंदौर हमेशा से नवाचार करता आया है। इंदौर शहर को सोलर सिटी बनाने के लिये इंदौर शहर में अभियान चलाया जाएगा। ताकि इंदौर शहर के नागरिकों को कम व्यय व सुलभ तरीके से सोलर उर्जा प्राप्त हो सके। भार्गव ने कहा कि इंदौर देश की पहली अर्बन लोकल बॉडी बना जो अपने बिजली के व्यय को कम करने के लिये ग्रीन बॉण्ड का पब्लिक इश्यू लाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सांची देश का पहला सोलर सिटी होने जा रहा है। तब उन्होंने इंदौर को लक्ष्य दिया कि क्या इंदौर सोलर सिटी बन सकता है? उसी दिन से हमने इसकी शुरूआत की और बजट में भी इंदौर को सोलर सिटी बनाने के लिये प्रावधान किया है। इंदौर सोलर सिटी कैसे बने, क्यों आवश्यक है, यह प्रश्न महत्वपूर्ण है। आने वाले भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए, इंदौर को सोलर सिटी बनाना कितना महत्वपूर्ण है, इस पर चर्चा की गई। जिस प्रकार से स्वच्छता का आंदोलन जनता के सहयोग से चलाया गया। इसी प्रकार से सोलर उर्जा के लिये भी शहरवासियों के सहयोग से आंदोलन चलाया जाएगा। लोगों के बीच जाकर सोलर एनर्जी का उपयोग करने पर चर्चा की जाएगी। इन्दौर स्मार्ट सिटी द्वारा इन्दौर शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित किये जाने हेतु बनाई गई योजना एवं वर्तमान में शहर में स्थापित सौर संयंत्रो के आधार पर एवं इन्दौर को सोलर सिटी के रूप में विकसित किये जाने हेतु विभिन्न एजेंसियों सरकारी, प्रायवेट, एनजीओ, औद्योगिक,शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी के साथ वर्ष 2027 तक 300 मेगावॉट क्षमता के सौर संयंत्र स्थापित किये जाने के संबंध में चर्चा की गई। शहर में ऊर्जा के महत्व एवं उसमें किये जा रहे नवाचारों व आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत चर्चा व विचार विमर्श किया गया। इसके साथ-साथ द्वितीय चरण में शहर को सोलर सिटी बनाये जाने हेतु लगने वाली तकनीकी व वित्तीय संसाधनों के बारे में चर्चा की गई। जिन विंदुओं पर गौर किया गया, उनमें सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने में लगने वाले वित्तीय संसाधनों की आपूर्ति, सोलर रूफटाप लगाये जाने में आम नागरिकों को आने वाली समस्याओं का सरलीकरण, सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने में एकल खिड़की सेवा का गठन, नवकरणीय ऊर्जा दल का गठन, सौर ऊर्जा उपयोग संबंध में जन जागरूकता फैलाना, समस्त सरकारी-अर्धसरकारी संस्थानों में सौर ऊर्जा का उपयोग करना, शामिल रहे।

मध्यप्रदेश के यह दोनों स्थान खजुराहो और इंदौर का विश्व मानचित्र पर विशेष स्थान है। समय? के साथ-साथ इनके स्वरूप में भी चार चांद लगते जा रहे हैं। इक्कीसवीं सदी में खजुराहो का वर्तमान स्वरूप देखकर मन प्रसन्नता से भर जाता है। स्वच्छ और विकास भरा खजुराहो नई कहानी सुनाता नजर आता है। वहीं इंदौर ने अपने नवाचारों और स्वच्छता के कीर्तिमान बनाकर पूरी दुनिया को अचंभित कर दिया है। इंदौर का उपलब्धियों का आसमान छूने का सफर जारी है। सांसद विष्णु दत्त शर्मा और महापौर पुष्यमित्र भार्गव की सृजनात्मक सोच की बदौलत खजुराहो और इंदौर नई तस्वीरें गढ़ते जा रहे हैंव्बात केवल वर्ल्ड क्लास स्टेशन और सोलर सिटी डॉक्युमेंट विजन तक सीमित नहीं है।

# मौसम के बदले मिज़ाज की ज़िम्मेदारी

**-राकेश दुबे**

फ़िलहाल देश के मौसम में कोई बड़ा बदलाव घोषित नहीं हुआ है। मध्यप्रदेश को भी फिलहाल बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि से राहत नहीं मिलने वाली है। अगले सप्ताह तक मौसम ऐसा ही रहेगा। उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव है, इस कारण प्रदेश में गरज-चमक और तेज हवाओं के साथ बारिश हो रही है। आम नागरिक को हिंदू महीने वैशाख में सावन की अनुभूति हो रही है। प्रश्न जलवायु परिवर्तन को लेकर है, ऐसा क्यों हो रहा है?

जलवायु परिवर्तन के खतरे दिन-ब-दिन भयावह होते जा रहे हैं। जहां समूची दुनिया में लाख कोशिशों के बावजूद बीते साल कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन सर्वाधिक रहा, जिसने कीर्तिमान बनाया। उस स्थिति में जबकि बीते बरसों में वैश्विक स्तर पर कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को रोकने के प्रयासों के तहत पवन व सौर ऊर्जा के साथ-साथ ही इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल में खासी बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। यह भी कि सौर ऊर्जा तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के इस्तेमाल ने कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी लाने में योगदान दिया है। इन सब कोशिशों और अक्षय स्रोतों में बढ़ोतरी के बावजूद बीते साल कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन 0.9 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 36.8 अरब टन हो गया जो कि तीन-चौथाई से भी ज्यादा ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। दरअसल, दुनिया में जीवाश्म ईंधन से बढ़ता उत्सर्जन जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में सबसे बड़ी बाधा है।

कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में बढ़ोतरी के लिए तेल का योगदान सबसे अधिक माना जाता रहा है। इसमें हुई 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी में लगभग आधी



बढ़ोतरी हवाई यात्रा में हुई बढ़ोतरी के कारण है। पिछले साल सख्त कोविड नियमों के कारण चीन का कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन गिर गया था लेकिन इसके विपरीत अन्य उभरती और एशियाई विकासशील अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास के कारण इसके उत्सर्जन में 4.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह स्वच्छ ऊर्जा के इस्तेमाल का ही नतीजा है कि कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन पर अंकुश लगा वरना यह लगभग तीन गुणा से भी ज्यादा होता। आंकड़े और अध्ययन प्रमाण हैं कि कोयले के इस्तेमाल से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बीते साल यानी 2022 में 1.6 प्रतिशत बढ़ा। इसमें रूस-यूक्रेन युद्ध के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। रूस-यूक्रेन युद्ध और रूसी गैस की आपूर्ति में आई भीषण कमी के कारण बहुतेरे यूरोपीय देशों ने भी ऐसे ईंधन का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

जलवायु परिवर्तन से कृषि, खाद्यान्न, पानी व इंसान के जीने के लाले पड़ने और भीषण आपदाओं का अंदेशा है। दुनिया के वैज्ञानिक इसके संकेत सालों से दे रहे हैं। लेकिन अब नदियां भी सूखने लगी हैं। इटली की सबसे बड़ी नदी 'पो' इसकी जीती-जागती मिसाल है जो लगातार सूखती जा रही है। असलियत यह है कि 652 किलोमीटर लम्बी इस नदी के लगभग 75 प्रतिशत हिस्से से पानी खत्म हो चुका है। इसका एक अहम कारण आल्प्स के पहाड़ों पर बर्फ का न होना है। इसके साथ ही तापमान में बढ़ोतरी व तेजी से बदलाव तथा वर्षा चक्र में असंतुलन ने इंसान और जानवरों के बीच के संघर्ष को तकरीबन 80 प्रतिशत बढ़ाने का काम किया है। जानवर तेजी से हो रहे इस बदलाव को स्वीकारने को तैयार नहीं हैं। देखा जा रहा है कि अब हाथी ही नहीं, दूसरे जानवरों के इंसानों से संघर्ष की घटनाएं अब पहले से ज्यादा बढ़ी हैं। इसका अहम कारण जलवायु परिवर्तन के चलते हर जीव का जीवन प्रभावित होना है। वहीं खाने और पीने के पानी के बढ़ते संकट के कारण दोनों के बीच टकराव में बढ़ोतरी और जंगलों में इंसान के बढ़ते हस्तक्षेप-घुसपैठ से जीवों के आवास स्थलों की बर्बादी अहम है। हमारे देश की स्थिति भी भिन्न नहीं है।

वैसे ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए दुनिया के 10 प्रतिशत सबसे धनी देश सर्वाधिक जिम्मेदार हैं जो 45 प्रतिशत ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन कर रहे हैं। जबकि 50 प्रतिशत लोग जो जलवायु परिवर्तन के सबसे बुरे नतीजों को भुगत रहे हैं, वे ग्रीन हाउस गैसों के कुल उत्सर्जन के मात्र 15 प्रतिशत के लिए ही जिम्मेदार हैं। इस असमानता और अन्याय को रोकने के लिए इंटरगवर्मेंटल पैनल फॉर क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने दुनिया से अपील की है। इस बारे में जहां तक भारत का सवाल है, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जार्जीवा की मानें तो 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित करने वाला भारत उस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को समय से पहले हासिल कर सकता है।

इस दिशा में ऊर्जा के मुख्य स्रोत के रूप में सौर ऊर्जा के उपयोग और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सौर गठबंधन के माध्यम से इसे वैश्विक स्तर तक ले जाने के भारत के प्रयासों से प्रतीत होता है कि जलवायु परिवर्तन के संकट से लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह तभी संभव है जबकि मौजूदा संसाधनों का सही रूप से रणनीतिक इस्तेमाल किया जाये।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## एसडीएम ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण, दिए निर्देश



गंज बासौदा। नवागत एसडीएम विजय राय एवम सांसद प्रीतिनिधि देवेन्द्र यादव ने आज शहर में कई जगह भ्रमण कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया व समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के लिये निर्देश दिए। शहर की महत्तपूर्ण नदी पाराशरी पर चल रहे चौड़ीकरण के निर्माण कार्य को देखा तथा बीच में आ रही पाइप लाइन को साइड में सिफ्ट कर सड़क का सीसी करण करने के निर्देश दिए7 बर्षा काल से पूर्व बरेठ रोड पर स्थित बड़े नाले को साफ करने को कहा7 एसडीएम ने काला बाग महादेव मंदिर के पीछे पानी की टंकी का निरीक्षण किया तथा उसे साफ करने के बाद पानी सप्लाई के निर्देश दिए वहीं स्मार्ट सिटी के ठेकेदार को नाले के कार्य को जल्दी करने को कहा7 साथ ही जो कार्य नहीं हो पा रहे हैं उन कार्यों के लिए संबंधित को नोटिस देने के निर्देश दिए हैं7 इस अवसर पर एसडीएम महोदय व सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव के साथ योगेंद्र पप्पू समैया, मयंक टोंक के साथ अनेक कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे7

## जागेश्वर नाथ मंदिर ट्रस्ट के द्वारा विकास कार्यो का भूमिपूजन कराया



दमोह देव श्री जागेश्वर नाथ जी मंदिर ट्रस्ट कमेटी के मंत्री पंकजहर्ष श्रीवास्तव एवं सदस्य भरत पाठक, अखिलेश चांदोलकर के द्वारा विकास कार्यो की श्रृंखला के तहत आज एक और भूमि पूजन किया गया मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि ट्रस्ट के द्वारा मंदिर में अनेक विकास कार्य कराये जा रहे जिसमे आज दुकान निर्माण से सम्बन्धित भूमि पूजन मंदिर ट्रस्ट के प्रभारी प्रबंधक पंडित केदारनाथ दुबे एवं रामबाबू तिवारी के द्वारा मंत्रोच्चार से सम्पन्न हुआ एवं 5मई वैशाख पूर्णिमा को दर्शनार्थियो के अधिक संख्या मे आने की संभावना को देखते हुये ट्रस्ट के द्वारा दिशा निर्देश दिए गये।

## विद्युत लाइन कर्मचारियों को टूल किट वितरित किए राहुल सिंह ने



दमोह मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग लाजिस्टिक कॉर्पोरेशन अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त राहुल सिंह ने किए विद्युत लाइन कर्मचारियों को टूल किट वितरित मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दमोह वृत (सर्किल) के अंतर्गत विद्युत मंडल के लाइन कर्मचारियों को सुरक्षा सामग्री की ÷टूल किट÷ वितरित की। किट में 7 प्रकार के लेटेस्ट सुरक्षा उपकरण उपलब्ध हैं! जो लाइन सुधार कार्य करते समय हमारे विद्युत लाइन कर्मचारी भाइयों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एमके चौधरी, कार्यपालन अभियंता प्रभात साहू ,श्र आर.के.अरोरा, चौपड़ा , छ्श्र आर एस तिवारी, एमके महतो सहित सभी लाइनमैन कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# कृषि नवाचार का अवलोकन करने दूरदर्शन की टीम पहुंची सेल्दा गांव



बैतूल। पुरखो से विरासत मे मिली कोदो-कुटकी की पारंपरिक खेती वर्तमान मे कम लाभकारी होने के कारण जिले के विकासखंड शाहपुर के ग्राम सेल्दा के कृषकों द्वारा गेहूं चना मक्का की खेती की जा रही थी। अब सतपुड़ांचल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा फिर से कोदो-कुटकी के उत्पादन को लाभ का धंधा बनाने के लिए नवाचार किया जा रहा है जो इन किसानों के लिए फायदेमंद साबित होगा। कंपनी द्वारा कोदो-कुटकी को श्रीअन्न का नाम दिया गया है।

ग्राम सेल्दा में किए जा रहे इस कृषि नवाचार का अवलोकन करने के लिए बुधवार को दूरदर्शन दिल्ली की टीम गांव में पहुंची। टीम द्वारा श्रीअन्न उत्पादन को लेकर ग्रामीणों से चर्चा की गई।

सतपुड़ांचल फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा 2075 आदिवासी महिलाओं को परंपरागत कृषि तकनीकों से श्रीअन्न का उत्पादन कराया जा रहा है। कंपनी की डायरेक्टर सरिता एवं यशोदा ने बताया कि नाबार्ड की मदद से वर्ष 2020 मे कंपनी का गठन किया गया था। आदिवासी महिलाओं से बंजर भूमि पर बिना खाद-दवाई के जैविक कोदो-कुटकी का प्राकृतिक उत्पादन करवाया जा रहा है. जिसे कंपनी अच्छे दामो पर खरीद रही है। शीघ्र ही प्रोसेसिंग यूनिट भी स्थापित की जाएगी जिसके माध्यम से श्रीअन्न प्रोडक्ट की स्थानीय स्तर पर पैकिंग कर बाजार मे सप्लाई की जाएगी। इस यूनिट की स्थापना से जहां आदिवासी महिलाओ को रोजगार मिलेगा वही उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। कंपनी द्वारा

अन्न उत्पादन कर रही महिलाओ को शेयरधारक बनाया गया है जो एक-एक एकड़ अनुपजाऊ जमीन में कोदो-कुटकी की पारंपरिक खेती कर रही हैं। इस दौरान दूरदर्शन की टीम ने आदिवासी संस्कृति लोकनृत्य रहन-सहन की भी जानकारी ली।

## बैतूल का नवाचार अन्य जिले अपनाएं : परमार

### ग्रीष्मकालीन आवासीय खेल प्रशिक्षण शिविर का किया शुभारंभ

बैतूल जिले के प्रभारी एवं स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) तथा सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि सभी विद्यार्थी खेल से जुड़े ताकि खेल के मैदान खाली न रहे। खिलाड़ियों को जो खेल किट दी जा रही है. उसका उपयोग कर वे अपनी प्रतिभाएं निखारे बैतूल जिले में शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के समन्वय से खिलाड़ियों को किट प्रदाय करने का जो नवाचार किया जा रहा है . इसे अन्य जिले भी अपनाए प्रभारी मंत्री श्री परमार बुधवार को जिला मुख्यालय पर मेजर ध्यानचंद एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय आवासीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. कार्यक्रम मे पूर्व विधायक हेमंत खंडेलवाल सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती शिल्पा जैन जिला शिक्षा अधिकारी श्री अनिल सिंह कुशवाह जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती पूजा कुरील सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद थे। कार्यक्रम मे प्रभारी मंत्री श्री परमार द्वारा खिलाड़ियों को खेल किट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री श्री परमार ने कहा कि जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन आवासीय प्रशिक्षण शिविर मे प्रशिक्षण लेने वाले ग्रामीण अंचल के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा निखारने का यह एक अच्छा अवसर है। ग्रामीण अंचल के खिलाड़ी इस अवसर का भरपूर फायदा उठाएं। इस प्रशिक्षण शिविर में पूर्ण सुविधा के साथ खेल विशेषज्ञों द्वारा खेल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा निखारेंगे एवं प्रतियोगिताओ मे अपना अच्छा प्रदर्शन करेगे। उन्होंने कहा कि बैतूल जिले के खिलाड़ियों मे जोश बहुत है. वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर बैतूल जिले का नाम प्रदेश एवं देश में रोशन करेगे. प्रभारी मंत्री परमार ने शिविर मे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे. खिलाड़ियों से मुलाकात भी की एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी.

## कलेक्टर ने आरईएस एवं पीएचई कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

### अनुपस्थित पाए जाने पर 5 शासकीय सेवकों की कटेगी वेतन



छतरपुर,। कलेक्टर संदीप जीआर ने आरईएस एवं पीएचई कार्यालय का बुधवार को किया औचक निरीक्षण। आरईएस कार्यालय में अनुपस्थित पाए गए श्रीमती आकांक्षा प्रजापति उपयंत्री, श्रीमती सन्यवती सूत्रकार प्रयोग शाला सहायक, विपिन शुक्ला, जितेन्द्र अहिरवार सहायक यंत्री एवं जितेन्द्र कुमार मौर्य संभागीय लेखापाल की एक दिन की वेतन काटने के लिए निर्देशित किया एवं मौके पर गंदगी पाए जाने एवं साफ सफाई नहीं होने पर स्टॉफ को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही पूर्व में दिए गए निर्देशों के उपरांत भी अनुपयोगी अनावश्यक सामग्री एवं टूटी कुर्सी फर्नीचर आदि पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल डिस्पोज करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री जीआर ने उपस्थित स्टॉफ को निर्देशित किया कि कार्यालय को पूर्णतः स्वच्छ बनाएं एवं व्यवस्थित करें। इसी क्रम में पीएचई कार्यालय में सही ढंग से रैंप नही बनाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम नमः शिवाय अरजरिया भी उपस्थित रहे।

## नपा में आयोजित हुआ सफाई मित्रों का कौशल विकास प्रशिक्षण

छतरपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महाअभियान चलाया जा रहा है। जिसमें नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर शहर वासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार की सुबह नगर पालिका में सफाई मित्रों के बीच संवाद एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने सफाई मित्रो से संवाद करते हुए शहर में सफाई के दौरान होने वाली समस्याओं को जाना और उनके सुझाव लिए। उन्होने कर्मचारियों से कहा कि सभी कर्मचारी सफाई कार्य के दौरान ध्यान दे कि, वक सड़को से निकलने वाला कचरा नालियों में न् डाले, झाडू लगाने के दौरान कचरे का ढेर न लगाएं, उस कचरे को सीधे कचरा गाडी में डाले। कचरे का ढेर लगाने से जानवर उसको दोबारा से सड़को पर फैला देते है। खुले में कचरा फेकने वाले लोगो को बाहर कचरा फेकने के लिए रोकें। सड़को के किनारे एवं सब्जी बाजार में दुकाने लगाने वाले ठिलिया दुकानदारों को दिनभर में एकत्रित होने वाला कचरा नगर पालिका की गाडी में डालने की समझाईश दे।

## कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

शिवपुरी - कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा बुधवार को जिला चिकित्सालय एवं प्राइवेट हॉस्पिटल्स का निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीएमएचओ डॉ.पवन जैन, सिविल सर्जन डॉ.आर.के.चौधरी सहित जिला चिकित्सालय के अन्य चिकित्सकों को व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने के दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम शिवपुरी अंकुर गुप्ता,आरएमओ योगेन्द्र रघुवंशी सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

शासकीय चिकित्सालयों में चिकित्सकों की हड़ताल को मद्देनजर प्रशासन द्वारा की गई पहल पर मानवीय आधार पर मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था उन्होंने सीएमएचओ डॉ.पवन जैन एवं सिविल सर्जन डॉ.आर.के.चौधरी को निर्देश दिए कि जिले के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में अधिक संख्या में मरीजों आने पर, किसी मरीज की जीवन मरण की स्थिति होने पर प्राइवेट हॉस्पिटल के चिकित्सकों की भी सहायता ली जाए। उन्होंने कहा कि हर इमरजेंसी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी जाए। जिला चिकित्सालय में एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। निजी अस्पतालों में इलाज के लिए रेफर होकर जाने वाले मरीजों के इलाज का खर्च आयुष्मान कार्ड धारक मरीजों की तरह राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा प्राईवेट हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान एमएम हॉस्पिटल, नवजीवन हॉस्पिटल, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, सुखदेव हॉस्पिटल सहित अन्य प्राइवेट हॉस्पिटल का निरीक्षण कर हॉस्टिल संचालकों एवं चिकित्सकों से व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक चर्चा की।

## सीएम स्वेच्छा अनुदान से 2.25 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

छतरपुर,सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 5 लोगों के बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान मद से 2.25 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। रमेश पिता हरीप्रसाद यादव निवासी ग्राम मजरा पठा ईशानगर को 50 हजार, मास्टर शिवंश पिता महेश विश्वकर्मा निवासी बम्हौरीकला रामटौरिया को 30 हजार, लीलाधर पिता दशरथ लाल तिवारी निवासी पुलिस लाइन के पास छतरपुर को 75 हजार, राजेश पिता मुलायम सिंह लोधी निवासी बमनौरा को 35 हजार और प्रताप सिंह पिता हरिराम लोधी निवासी ग्राम बमनौराकला घुवारा को 35 हजार रुपये की राशि दी गई है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग विदिशा (म.प्र.)

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 09 से 24/2023-24 विदिशा, दिनांक 01.05.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | ई.एम.डी. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWDRB_ 271273_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | धतुरिया हवेली कर्राखेड़ी मदनखेड़ी बेरखेड़ी जैतपुरा मार्ग 0 से 4.50 कुल लंबाई 4.50 किमी. में बी.टी नवीनीकरण कार्य | सातवीं | 37.51 | 50000.00 |
| 2 | 2023_PWDRB_ 271328_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | कुरवाई कैथौरा नांही बरूअल मार्ग लंबाई 7.55 किमी. में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य। | चतुर्थ | 58.63 | 58630.00 |
| 3 | 2023_PWDRB_ 271345_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | हाटखेड़ा तरावली मार्ग लंबाई 5.50 किमी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पांचवीं | 47.95 | 50000.00 |
| 4 | 2023_PWDRB_ 271354_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | औलिंजा एप्रोच मार्ग लंबाई 0.70 किमी. में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य | प्रथम | 7.10 | 14200.00 |
| 5 | 2023_PWDRB_ 271360_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | बिल्खो शमशाबाद मार्ग लंबाई 6.20 किमी. में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य। | प्रथम | 54.49 | 54490.00 |
| 6 | 2023_PWDRB_ 271441_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | आमीरगढ़ सिरोंज से बांसखेड़ी तहसील सिरोंज सीमा तक लंबाई 2.60 किमी. में मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 191.77 | 191770.00 |
| 7 | 2023_PWDRB_ 271517_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | बासाखेड़ी से हीरापुर मेंन रोड सिरोंज तहसील तक लंबाई 1.47 किमी. में मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 104.38 | 104380.00 |
| 8 | 2023_PWDRB_ 271528_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | लटेरी मक्सूदनगढ़ मार्ग (एन. एच 752 बी) से बाड़ी मदगन मेंन टेम्पल तक एप्रोच मार्ग लंबाई 0.70 किमी. में मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 57.11 | 57110.00 |
| 9 | 2023_PWDRB_ 271532_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | लटेरी नजीराबाद मार्ग (दलपंगडा मोढ़) से मुण्डेला उकावदा तक तहसील लटेरी जिला विदिशा मार्ग लंबाई 1.80 किमी. में मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 225.50 | 225500.00 |
| 10 | 2023_PWDRB_ 271538_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | विदिशा अशोनगर मार्ग से मेनखेडी ब्लॉक कुरवाई जिला विदिशा मार्ग लंबाई 0.70 किमी. प्रथम में मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 106.63 | 106630.00 |
| 11 | 2023_PWDRB_ 271541_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | ग्राम बर्री से ग्राम कल्हार बैंसबाया पंचायत ब्लॉक कुरवाई जिला विदिशा लंबाई 2.50 किमी प्रथम में मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 195.98 | 195980.00 |
| 12 | 2023_PWDRB_ 271571_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | हेमंतगंज भुखरी नाउखेड़ा गरेठा तक मार्ग लंबाई 16.60 किमी. एवं पिपलियाहाट सरेखो सुरनताल मार्ग लंबाई 6.40 किमी. कुल लंबाई 23.00 किमी. में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य। | प्रथम | 184.46 | 184460.00 |
| 13 | 2023_PWDRB_ 271572_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | इकलोद उदयपुर पिथोरा विदिशा अशोकनगर मार्ग तक लंबाई 20.50 किमी. में बी. टी. प्रथम नवीनीकरण का कार्य। | प्रथम | 170.08 | 170080.00 |
| 14 | 2023_PWDRB_ 271574_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | महावन भटोली चंदेरी मार्ग लंबाई 10.00 किमी.,महोटी झुकर उमरिया जरसेना उनारसीकला मार्ग लंबाई 22.30 किमी. कुल लंबाई 22.30 किमी. में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य। | प्रथम | 179.08 | 179080.00 |
| 15 | 2023_PWDRB_ 271576_1 | विदिशा | बी.टी. नवीनीकरण कार्य | रहिमपुर सुमेरपुर कोरवाई मार्ग लंबाई 2.60 किमी., चमर उमरिया से सड़ावता मार्ग लंबाई 700 किमी., सुरखेर से जावती मार्ग लंबाई 5.00 किमी., लटेरी आनंदपुर मार्ग से भीलाखेड़ी एप्रोच मार्ग लंबाई 1.50 किमी., किमी. लटेरी प्रथम 7 शमशाबाद मार्ग से नयागांव छोरखेड़ा, जमुनियाकला मार्ग लंबाई 4.60 किमी. कुल लंबाई 20.70 किमी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | प्रथम | 165.92 | 165920.00 |
| 16 | 2023_PWDRB_ 271578_1 | विदिशा | मार्ग निर्माण कार्य | सिरोंज आरोन मार्ग से विश्वनाथधाम मंदिर ग्राम देवपुर तक लंबाई 1.059 किमी. में सी.सी. प्रथम मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 121.10 | 121100.00 |
| | | | | योग | | 1907.69 | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 17.05.2023 (17.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में हाने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संभाग विदिशा

जी-12443-23


## हतोड़ा में होने बाली सन्त रामभद्राचार्य की श्रीराम कथा व 251 कुंडीय यज्ञ के लिए अधिकारियों ने आयोजन समिति से समझी व्यवस्थाएं, स्थल का लिया जायजा

### स्थल का जायजा लेकर व्यवस्थाओं को लेकर सम्बंधित विभागों को दिए हैं लिखित में निर्देश-एसडीएम विजय राय

गंजबासौदा- ग्राम हथोड़ा में तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी महाराज के श्रीमुख से श्री वाल्मीकि रामायण कथा एवं आध्यात्मिक रामायण प्रवचन एवं 251 कुंडीय महायज्ञ दिनांक 11 मई से 21 मई 2023 तक राजा महाराज के मार्गदर्शन में सम्पन्न होने जा रहा है जिसकी तैयारियां आयोजन समिति द्वारा बड़े ही जोरशोर से की जा रही हैं7

अनुमान यह है कि सन्त शिरोमणि जगतगुरू के आध्यत्मिक श्रीराम कथा में प्रत्येक दिवस हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ेंगे इसीलिये आज कथा व यज्ञ स्थल पर क्षेत्रीय विधायक लीना जैन की उपस्तिथि में नौलखि खालसा के श्रीमहंत श्रीरामनोहर दास जी महाराज व श्री राजा महाराज के सानिध्य में क्षेत्र के एसडीएम विजय राय, तहसीलदार संदीप जयसवाल , जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अर्चना कुमारी मेडम , मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत सिंह ठाकुर,नायब तहसीलदार दिनकर चतुर्वेदी, देहात थाना प्रभारी गिरीश दुवे ,पिचई एसडीओ शिल्पकार, पीडब्ल्यूडी नारखेड़े, ग्राम हतोड़ा क्षेत्र के पटवारी अनिल शर्मा समेत अनेक अधिकारी यज्ञ स्थल पर पहुंचे और आयोजन समिति से पूरा कार्यक्रम समझा व स्थल की व्यवस्थाओं के सम्बंध में स्थल का जायजा लिया बैठक में उपस्थित क्षेत्रीय विधायक लीना जैन ने भव्य आयोजन को ओर भी भव्य बनाने के लिए अधिकारियों को व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए इस अवसर पर विशेष रूप से यज्ञ के मुख्य यजमान पंकज ऐलिया, दिनेश शर्मा,सुरेंद्र भारद्वाज, रितुज एलिया, अशोक अग्रवाल मंकू,प्रमोद राजपूत, प्रयाग रघुवंशी सरपंच हथोड़ा,दीपक शर्मा , भोला रघुवंशी, राजकुमार जैन भूपेंद्र सिंह ठाकुर सुनील जैन आस्था समेत अनेक अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक व आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे7



एसडीएम ने विभागों को दिए आवश्यक निर्देश-मीडिया से चर्चा में क्षेत्र के एसडीएम विजय राय ने कहा कि ग्राम हतोड़ा में होने बाले यज्ञ व श्रीराम कथा के भव्य आयोजन के लिए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, बिजली व्यवस्था समेत अनेक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को लिखित में निर्देश दिए हैं साथ ही आयोजन समिति के साथ बैठकर उक्त आयोजन के विषय में विस्तार से चर्चा हुई है आयोजन भव्य व शांति पूर्ण रूप से सम्पन्न हो इसके लिए जो भी व्यवस्थाएं प्रशासनिक स्तर पर लगेगी वह भी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी7


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

यांत्रिकी विभाग मुख्यालय गोविंदपुरा (बी.एच.ई.एल)
निविदा आमंत्रण घोषणा पत्र

क्र. ..../यां. वि./2023 भोपाल दिनांक .../.../ 2023

निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार म.प्र. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत व्यवस्था के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदार पर्सेंटेज मोहर बंद निविदाये निर्धारित प्रपत्र पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ऑनलाईन निविदा क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर | कार्य की अविध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ UAD_ 266190_2 | ASPHALTING WORK AT VIMAL NURSING HOOME TO IDGAH CHOTI MASJID WARD NO.10Z-02 | 16,72,468/- | 12,543/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 02 Months |
| 2 | 2023 UAD_ 266208_2 | ASAHPHALTING STRENGTHENING OF ROAD KALI BASTI LAL MASJID IN WARD NO.09 ZONE NO.05 | 12,88,921/- | 9,662/- | 2000/- | MPUADD ISSR 2021 | 02 Months |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://www.mptenders.gov.in/
2. The Bid Document can be purchased only online from 10:30A.M. (time) 03.05.2023 (date) to 17:30 P.M. (time) 17.05.2023 (date).
3. Amendments be published on website to NIT, if any, would https://www.mptenders.gov.in/only, and not in newspaper.
4. For special condition pleas read carefully section 3 condition of contract part-II special condition of contract (SCC). The initial period of 05 (FIVE) year after completion shall be treated as Defect Liability Period (DLP).

Executive Engineer
Municipal Corporation Bhopal District Bhopal

नि.क्र. 206/023/024


## एक घंटे में जेवरात सहित चोर दबोचा

शवपुरी – पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया की अपराधों के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति के अनुपालन में जिले में पुलिस की सजगता लगातार देखी जा रही है। इसी क्रम में फिजिकल थाना पुलिस ने शहर के एक होटल में शादी के दौरान मेहमानों के कमरे से जेवरातों की हुई सनसनीखेज चोरी को मात्र एक घंटे में ट्रेस कर पुलिस की सजगता का परिचय दिया। शहर के होटल सोनचिरैया में हुई सक्सेना परिवार में शादी समारोह में गुना शामिल होने आए मेहमान का होटल के कमरे में रात्रि में एक शातिर चोर फैजान निवासी अलीपुर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया जिसमें वह फरियादी की तीन सोने की अंगूठी, दो मोबाइल और दो बिछिया ले गया था(

## प्रसाद होंगे कोल इंडिया के नए चेयरमैन



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद कोल इंडिया के नए चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। वे वरिष्ठ आईएएस प्रमोद अग्रवाल की जगह लेंगे जो भारतीय प्रशासनिक सेवा के मध्य प्रदेश कैडर के 1991 बैच के अधिकारी हैं। उनका कार्यकाल 30 जून 2023 को समाप्त हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसाद के नाम की अनुशंसा लोक उद्यम चयन बोर्ड ने 3 मई को लिए इंटरव्यू के बाद कर दी। इंटरव्यू के लिए सात अधिकारियों को शॉर्टलिस्ट किया गया था। इस पद की रेस में टेक्नोक्रेट और ब्यूरोक्रेट दोनों थे। इसमें प्रसाद का चयन चेयरमैन के रूप में किया गया। प्रसाद इसके पूर्व भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बीसीसीएल के सीएमडी के रूप में कार्यरत थे।

## मुनाफा नही अपितु मानव सेवा से निरंतर कार्यरत रहने के लिए प्रतिबद्ध रमा सिटी हॉस्पिटल का शुभारंभ आज,

औबेदुल्लागंज । नगर के टोल प्लाजा बिसनखेड़ा के पास खुल रहे अस्पताल का आज शाम 04 से 05 बजे के बीच भोजपुर विधायक व पूर्व राज्य मंत्री विधायक सुरेंद्र पटवा उद्घाटन करने आ रहे हैं। रमा हॉस्पिटल के उद्घाटन के अवसर पर नगर अध्यक्ष लक्ष्मी सोनू चौकसे के साथ नगर व आस-पास के बड़ी संख्या में नगर/ग्रामीणजन उपस्थिति रहेंगे। रमा सिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर एसएस गुप्ता ने बताया कि हमारा उद्देश ग्रामीण क्षेत्र की जनता को उचित उपचार देना है। हमारा अस्पताल समाज से पैसों के मुनाफा के नही अपितु मानव सेवा से निरंतर कार्यरत रहने के लिए प्रतिबद्ध होकर अस्पताल खोल रहे हैं। आपको बता दें कि भोपाल सिटी हॉस्पिटल की ब्रांच रमा सिटी हॉस्पिटल औबेदुल्लागंज नप. के वार्ड क्र. 01 बिसनखेड़ा, टोल प्लाजा के पास प्रारंभ होने जा रहा है।

## 26 अभ्यार्थियों का सेक्टरवार चयन

धार। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकानों तक वर्तमान में द्वार प्रदाय योजनांतर्गत खाद्यान्न सामग्री का परिवहन कर प्रदाय किया जाता है। शासन द्वारा उक्त योजना के स्थान पर मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना लागू कर मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत बैंक ऋण के माध्यम से वाहन उपलब्ध कराया जाना हैं। लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकान तक राशन सामग्री के परिवहन करने के लिए जिले में निर्धारित किये गये 27 सेक्टरों में आवेदकों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

योजनांतर्गत पात्र अभ्यार्थियों के अंतिम चयन की प्रक्रिया मंगलवार को कलेक्टर सभा कक्ष में अपर कलेक्टर श्री के. एल. मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति के सभी सदस्यों एवं श्री एस.एन. मित्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी सदस्य सचिव के साथ उपस्थित अभ्यार्थियों के समक्ष की गई । चयन प्रक्रिया के दौरान श्री मीणा द्वारा सभी आवेदन पत्रों में से रेण्डम आवेदन पत्रों की पात्रता एवं अपात्रता के संबंध में पुनः परीक्षण किया गया। तत्पश्चात् अंतिम 77 पात्र अभ्यार्थियों में से 26 अभ्यार्थियों का सेक्टरवार चयन किया गया हैं। जनपद धार एवं तिरला को छोड़कर अन्य सभी जनपदों के एक से अधिक आवेदन होने के कारण लॉटरी के माध्यम से एक-एक अभ्यार्थी का अंतिम रूप से चयन किया गया हैं। चयनित अभ्यार्थियों की सूची अग्रिम कार्यवाही हेतु सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया धार को प्रेषित की गई हैं। जनपद सरदापुर अतंर्गत एक सेक्टर क्रमांक-27 के लिए पात्र आवेदन उपलब्ध नहीं होने के कारण चयन नहीं किया जा सका जिसके लिए नियमानुसार पुनः आवेदन आमंत्रित किये जावेगें। चयनित अभ्यार्थियों को 25 लाख तक की लागत का 7.5 मे.टन क्षमता का वाहन बैंक ऋण के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें शासन द्वारा 1.25 लाख की अनुदान राशि तथा 3 प्रतिशत वार्षिक व्याज में अनुदान दिया जावेगा। अपर कलेक्टर श्री मीणा एवं जिला आपूर्ति अधिकारी (सदस्य सचिव) द्वारा सभी चयनित अभ्यार्थियों को शासन के दिशा-निर्देशो का पालन करते हुए अच्छा कार्य करने तथा शासन द्वारा उपलब्ध कराये गये अवसर का लाभ लेने हेतु शुभकामना दी गई।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक 654 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 23 भोपाल, दिनांक 18/04/2023

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण कि साकेत नगर योजना में स्थित भवन प्रकोष्ठ क्रमांक 526 सेक्टर 9बी श्री एन एम तोमर एवं श्रीमती चंद्रा तोमर के संयुक्त नाम अंकित है। संयुक्त आवंटी में से श्री एन एम तोमर का स्वर्गवास दिनांक 13/2/2019 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस श्रीमती चंद्रा तोमर, रीना श्रीवास्तव, तारा, तनिशा तोमर एवं श्रीमती वंदना ठाकुर द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर भवन का नामांतरण अपने नाम पर चाहा गया है।यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 07 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक 680 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 23 भोपाल, दिनांक 03/05/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर जोन-1, योजना स्थित भूखण्ड क्रं0-45 (एन.एन.एस.एस), श्रीमती बिना मेहरोत्रा पत्नी श्री बी.बी. मेहरोत्रा के नाम पर आवंटित है। उक्त भूखण्ड की लीज अवधि वर्ष 2011 में समाप्त हो गई है। आवंटी के मुख्तारआम श्रीमती जया कृपलानी पत्नी श्री ओ0पी0 कृपलानी डायरेक्टर द्वारा असनानी बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स द्वारा उक्त भूखण्ड पर निर्मित शॉप नं0-जी-1, 300 वर्गफुट भू-तल का विक्रय दिनांक 30/03/2001 को श्री महेश बत्रा आ. डी0एल0 बत्रा को पंजीकृत विक्रय पत्र किया । एवं आवंटी के मुख्तारआम द्वारा कम्पीलिट टेरिस पोरेशन 1028 वर्गफुट भू-तल 1058 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 25/01/1996 को राज बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स पार्टनरशिप फर्म द्वारा एक पार्टनर श्री जयत भण्डारी आ. श्री एस.एल. भण्डारी को किया। राज बिल्डर्स एण्ड डेव्लपर्स पार्टनरशिप फर्म द्वारा एक पार्टनर श्री जयत भण्डारी द्वारा मेजनाईन तल का क्षेत्रफल 910 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 17/04/2006, श्रीमती वसीम असलम पत्नी श्री मोहम्मद असलम को किया। श्रीमती वसीम असलम द्वारा पुनः मेजनाईन तल का क्षेत्रफल 910 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 01/07/2009 को श्रीमती भारती डूलानी पत्नी श्री विजय डूलानी को किया । श्रीमती भारती डूलानी द्वारा पुनः मेजनाईन तल ऑफिस हॉल क्रं0-02. 910 वर्गफुट का विक्रय दिनांक 11/06/2013 को श्रीमती पिंकी सिंगरौली पत्नी श्री अर्जुन सिंगरौली को कर विक्रय पत्र पंजीकृत किया गया। श्रीमती पिंकी सिंगरौली एवं श्री महेश बत्रा द्वारा आवेदन पत्र शपथ पत्र एवं पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर उक्त शॉप नं0-जी-1. 300 वर्गफुट एवं ऑफिस हॉल क्र0-02. 910 वर्गफुट का नामान्तरण / नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है। यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 07 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य / दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा / आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा / आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वंतत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**

# अजमेर,अयोध्या,रायपुर,हावड़ा के लिए रोज भोपाल के लिए लगातार इंटर सिटी, देहरादून के फेरे बढ़ाने,डबलिंग ट्रेक बनाने की मांग

## भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद मालू ने रेलवे बोर्ड के चैयरमेन अनिल लाहोटी को इंदौर की रेल सुविधाओं के लिए विस्तृत प्लान सौंपा

**इंदौर।** रेलवे बोर्ड के चैयरमेन आज इंदौर आए। भाजपा के वरिष्ठ नेता गोविंद मालू ने उन्हें इंदौर की रेल संबंधी समस्याओं और यहां की जरूरतों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मालू ने कहा कि इंदौर मध्यप्रदेश का महत्वपूर्ण शहर है। यहां से पूरे देश में आवागमन होता है। लेकिन, रेल्वे की सम्बद्धता अपेक्षाकृत कम महसूस होती है।

गोविंद मालू ने उन्हें जानकारी दी कि टिही टनल के आगे का काम शुरू नही हुआ। इंदौर-दाहोद रेलमार्ग के 202 किमी में से 50 किमी ही बन सका है। आमान परिवर्तन कार्य जारी है, इसलिए महू से खंडवा मार्ग को डबलिंग किया जाना चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई कि 220 नई ट्रेनों के संचालन की घोषणा हुई थी, उसमें से इंदौर को मात्र एक ट्रेन मिली। अजमेर के लिए इंदौर से सीधी रेल चलाई जाए, जो जयपुर तक जाए। पहले अजमेर के लिए 3 ट्रेन थी, अब एक भी नहीं चलती।

अपने ज्ञापन में गोविंद मालू ने रेलवे बोर्ड के चैयरमेन को लिखा कि इंदौर की रेल सुविधाओं और रेल्वे राजस्व की दृष्टि से कुछ बिंदुओं को प्रस्तुत कर रहा हूँ। इंदौर के व्यापक हित में इन पर विचार किया जाकर निर्णय लेने की अपेक्षा और आग्रह है। ज्ञापन में मांग की गई कि इंदौर से भोपाल (रानी कमलापति) के बीच एक अतिरिक्त इंटरसिटी ट्रेन की बहुत ज्यादा जरूरत है। इसे भोपाल से सुबह 6 बजे देवास-मक्सी होकर चलाया जाना चाहिए। ताकि, यह ट्रेन सुबह साढ़े 9 बजे तक इंदौर आ जाए और फिर सुबह 10 बजे रानी कमलापति के लिए रवाना हो। दोपहर दो बजे तक यह ट्रेन रानी कमलापति पहुंचकर ढाई बजे फिर भोपाल से चले और शाम 6.30 बजे तक इंदौर आकर शाम सात बजे इंदौर से रवाना हो जाए।



इंदौर-भोपाल के बीच काफी ट्रैफिक है और हर 15-20 मिनट में बसें उपलब्ध हैं। भोपाल के लिए जो ट्रेनें हैं, उनमें से ज्यादातर उज्जैन होकर भोपाल जाती हैं, जिसमें समय और धन, दोनों ज्यादा लगता है। उज्जैन होकर भोपाल जाने वाली ट्रेनों का इंजन रिवर्सल भी करना पड़ता है। देवास-मक्सी रूट से भोपाल के लिए नई ट्रेनें चलेंगी, तो यह परेशानी भी दूर होगी।

अभी इंदौर से हरिद्वार और देहरादून को जोड़ने वाली ट्रेन सप्ताह में दो दिन चलती है। ऐसी ही ट्रेन उज्जैन-देहरादून के बीच सप्ताह में दो दिन उज्जैनी एक्सप्रेस के रूप में चलती है। इस ट्रेन का मक्सी से देहरादून के बीच का टाइम टेबल (पाथ) समान है।

रेलवे यदि उज्जैनी एक्सप्रेस फतेहाबाद होकर इंदौर तक बढ़ा दे, तो इंदौर से चार दिन नई दिल्ली, हरिद्वार और देहरादून के लिए सीधी रेल सुविधा मिलने लगेगी। अभी उज्जैनी एक्सप्रेस में सवार होने के लिए यात्रियों को इंदौर-उज्जैन का सफर बसों, निजी टैक्सियों या दूसरी ट्रेनों में करना पड़ता है, जिससे उन्हें तकलीफ होती है। अभी उज्जैनी एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पर 17 घंटे फालतू खड़ी रहती है।

करीब पांच साल पहले तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने भोपाल में रेलवे सप्ताह के दौरान इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस को रोज चलाने और इस ट्रेन में पेंट्री कार की सुविधा देने की घोषणा की थी। यह घोषणा आज तक पूरी नहीं हो पाई है। यह बहुत लोकप्रिय ट्रेन है, लेकिन सप्ताह में तीन दिन ही चलती है। यह ट्रेन मालवा को दमोह, सागर के अलावा यूपी-बिहार और बंगाल से भी जोड़ती है और लगभग सालभर पैक चलती है। इस ट्रेन को नियमित किया जाए। इंदौर से गुना होते हुए ग्वालियर के लिए दिन में इंटरसिटी ट्रेन चलना चाहिए। अभी इस रूट पर ज्यादातर रात्रिकालीन ट्रेन चलती हैं। मक्सी से शाजापुर होते हुए गुना-शिवपुरी-ग्वालियर रूट शुरुआत से काफी उपेक्षित रहा है और इस रूट का पूरा दोहन नहीं हो पाया है। इंदौर-ग्वालियर के लिए सीटिंग क्षमता वाली इंटरसिटी चलेगी, तो हजारों व्यापारियों, छात्रों और अन्य नागरिकों को फायदा होगा।

अयोध्या में राम मंदिर फरवरी-2024 में बनकर तैयार हो जाएगा, लेकिन इंदौर और मालवा की अयोध्या से सीधी रेल कनेक्टिविटी नहीं है। यही हाल गोरखपुर का भी है। इंदौर को अयोध्या होते हुए गोरखपुर के लिए सीधी रेल सेवा की दरकार है। इससे अयोध्या आने-जाने वाले लोगों को बड़ी सहूलियत होगी। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर, भिलाई और दुर्ग जैसे शहरों के लिए इंदौर के पास कोई रोज चलने वाली ट्रेन नहीं है। इंदौर-जगन्नाथपुरी हमसफर एक्सप्रेस सप्ताह में केवल एक दिन चलती है। रेलवे को सुविधाजनक टाइम टेबल के साथ इंदौर से रायपुर के बीच प्रतिदिन ट्रेन चलाना चाहिए, जिससे यात्रियों को भोपाल में ट्रेन बदलकर छत्तीसगढ़ नहीं जाना पड़ेगा।

# रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा करने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष इंदौर आए

**इंदौर।** रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ अनिल कुमार लाहोटी ने आज बुधवार को रतलाम मंडल के इंदौर क्षेत्र का दौरा कियाद्ध उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) कार्यालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में उन्होंने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र, निर्माण विभाग के अधिकारियों व रतलाम डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक रजनीश कुमार के साथ इंदौर क्षेत्र के रेलवे प्रोजेक्टों की समीक्षा बैठक की।

बैठक के आरंभ में पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने अध्यक्ष को ट्री प्लांट भेंटकर स्वागत कियाद्ध इसके बाद निर्माण विभाग के अधिकारियों ने इंदौर एरिये में चल रही विभिन्न परियोजनाओं/विकासों और उपलब्धियों के संबंध में पॉवर पॉइंट प्रजेंटेशन दिया।



बैठक में उज्जैन -देवास-इंदौर दोहरीकरण, दाहोद -इंदौर नई लाईन, महू-सनावद गेज कन्वर्जन व अन्य प्रोजेक्टों के बारे में चर्चा की गईद्ध इसके अलावा इंदौर रेलवे स्टेशन के रिडेवलपमेंट की भी समीक्षा की गईद्ध इस दौरान उन्होंने सांसद शंकर लालवानी के साथ बैठक कीद्ध इसके अलावा उनके द्वारा मीडिया से भी संवाद किया गया।

इंदौर स्टेशन का डेवलपमेंट

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि इंदौर रेलवे स्टेशन का डेवलपमेंट पहले पीपीपी मॉडल से होना था उसे हटाकर सरकार के बजट में शामिल किया गया है। आज मैंने इसकी भी समीक्षा की। लेकिन यहां की जो कमर्शियल प्रॉपर्टी है उसका डेवलपमेंट अलग से किया जाएगा। यह निर्णय होने के बाद यहां के जो नक्शे और मास्टर प्लान है, उसे फिर से बनाया गया है और उसे रेलवे बोर्ड से सरकार को भेजा जाएगा। उसके लिए सीपीआर बना ली गई है। फिर हमारे फाइनेंशियल विभाग को भेजा जाएगा। फिर करीब 10 दिन में रेल मंत्रालय को इसे सौंप दिया जाएगा। इसकी स्वीकृति में सामान्यतः 2 महीने का समय लगता है। उन्होंने बताया इंदौर-उज्जैन रेल लाइन के दोहरीकरण का काम चल रहा है। उसे सितंबर माह तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना के बाद रेलवे टाइम टेबल में बदलाव आया है। कई पैसेंजर ट्रेन को एक्सप्रेस में बदला गया, इसलिए उनके यात्रा भाड़े में परिवर्तन हुआ है।

हाइड्रोजन रेल बनाने का प्रोजेक्ट नॉर्दन रेलवे ने दिया है। इस पर काम चल रहा है और हमारी कोशिश है कि इसी वित्तीय वर्ष में उसके ट्रायल शुरू हो जाए। यह बहुत बड़ा टेक्नोलॉजिकल ब्रेक थ्रू होगा, जब हाइड्रोजन ट्रेन चलाएंगे। जब ट्रायल हो जाएगा इसके बाद इसमें क्या कुछ नया किया जा सकता है उस पर काम होगा

# होम्योपैथी में है आस्थमा का इलाज, दमा अब दम नहीं लेगा

## आयुष समृद्धि इंटरनेशनल वेबिनार में डॉ. एके द्विवेदी ने दी जानकारी

इंदौर। अस्थमा रेस्पिरेटरी सिस्टम से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है। वैसे तो ये रोग जीन के द्वारा बच्चों में आता है, लेकिन लाइफस्टाइल के कारण भी व्यक्ति अस्थमा का शिकार हो जाता है। आज के दौर में बढ़ता प्रदुषण भी इस बीमारी का कारक है। इस बीमारी से फेफड़ों तक जाने वाले सांस की नली इतनी पतली हो जाती है कि सांस लेने में काफी दिक्कत होने लगती है। अस्थमा के सामान्य लक्षणों में सांस लेने में तकलीफ, खांसी होना, बलगम आना और सांस लेते वक्त घर घर की आवाज आना शामिल है। अस्थमा ऐसी बीमारी है जिसे अब पूरी तरह से ठीक किया जा सकता है यह बात वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक और सदस्य साइन्टिफिक एडवाइजरी बोर्ड, सी सी आर एच, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ. एके द्विवेदी ने कही।

डॉक्टर एके द्विवेदी कहते हैं कि हमारे पास काफी पैशेंट आते हैं जिनको अस्थमा की परेशानी मौसम के अनुरूप होती है। किसी को ठंड में होती है तो किसी को बारिश में होती है और किसी किसी को तो यह समस्या



गर्मी में भी होती है। होम्योपैथिक चिकित्सा में यह सुविधा दी गई है कि प्रत्येक मौसम के लिए अलग-अलग दवाईयां है। अस्थमा के टाइप की बात की जाए तो यह बच्चों में एवं ओल्ड एज में ज़्यादा देखने को मिलती है। हमने होम्योपैथिक उपचार से कई मरीजों को ठीक किया है। अस्थमा की बीमारी के लक्षण की अगर बात की जाए तो साँस फूलना, साँस लेने में तक़लीफ़ होना, साँस का उखड़ जाना , अत्यधिक ख़ासी आना,अत्यधिक थकान महसूस करना, कोहरे या धुएं से एलर्जी होना शामिल है वहीं यह धुएं, कोहरे, तेज चलने, धूल व मिट्टी, मौसम, श्वसन नलिकाओं में इंफेक्शन के कारण होता है। डॉ. द्विवेदी के अनुसार अस्थमा के लिए सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली कुछ होम्योपैथिक दवाएं हैं। वैसे तो होम्योपैथिक दवाओं का कोई साइड इफ्केट नहीं होता। लेकिन हर व्यक्ति की बीमारी के हिसाब से उन्हें दवा दी जाती है। ऐसे में मरीज को चाहिए कि वे डॉक्टर से मिले और उन्हें अपनी बीमारी की संपूर्ण जानकारी दें ताकि मरीज को सही दवा का डोज दिया जा सकें।

वहीं होम्योपैथी में आर्सेनिक एल्बम, एंटीमोनियम टार्टारिकम, स्पंजिया टोस्टा, इपेकैक, नैट्रम सल्फ्यूरिकम शामिल है। होम्योपैथिक चिकित्सक के सलाह से लिया जा सकता है। इसी के साथ आयुष समृद्धि इंटरनेशनल वेबिनार में डॉ द्विवेदी ने ठीक हुए मरीज़ों के बारे में विस्तृत रूप से बताया। आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ बृजेश मिश्रा एवं डॉ श्री राम ने आयुर्वेदिक चिकित्सा के बारे में बताया कार्यक्रम का संचालन डॉ पवन शर्मा और अतिथि स्वागत डॉ विष्णु शर्मा ने किया। समापन एवं आभार डॉ विपिन अग्निहोत्री द्वारा किया गया।

# छींद में होने जा रहे 100 गांव के महायज्ञ और कथा की तैयारियां जोरों पर , संत और राजनीतिक हस्तियां करेंगी शिरकत

बरेली । तहसील मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर स्थित छीन धाम में 20 मई से 30 मई तक 100 गांव का श्रीराम महायज्ञ होने जा रहा है इस बीच 24 से 30 मई पूज्य पंडित अनिरुद्धआचार्य महाराज के मुखारविंद से श्री रामकथा का भव्य आयोजन होगा इस दिव्य और भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां जोरो जोरो पर चल रही हैं कथा स्थल के साथ यज्ञशाला कारीगरों द्वारा सजाई जा रही है वही समिति के अध्यक्ष यज्ञ संयोजक यज्ञ संयोजक राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर कंप्यूटर द्वारा गांव गांव जाकर इस महायज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है इस आयोजन को लेकर प्रशासन भी अलर्ट है महायज्ञ के साथ कथा होने से छींद धाम में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं पहुंचेंगे 7 इस आयोजन में कई तपस्वी संत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित कई हस्तियां शिरकत कर सकती हैं यज्ञ संयोजक कंप्यूटर बाबा ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि इस महान स्थान का हिसाब बनकर धर्म



लाभ लें 7 जींद गांव के सरपंच प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी ने बताया कि छिंद की धरा पर होने वाला है आयोजन बरेली क्षेत्र के इतिहास का सबसे बड़ा आयोजन होगा ग्राम पंचायत भी पूरी तरह मुस्तैद है कि छींद में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी ना हो कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तीव्र गति से चल रही है क्षेत्रवासियों के सहयोग से आयोजन भव्य और दिव्य सफल आयोजन होगा 7

# आठनेर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित

बैतूल जिले के प्रभारी एवं स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार) तथा सामान्य प्रशासन राज्य मंत्री इंदर सिंह परमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत आठनेर मे आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम मे पहुंचकर नवदंपत्तियो को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम मे 401 जोड़े सात फेरे लेकर परिणयबंधन मे बंधे। इस दौरान विधायक भैंसदेही धरमू सिंह सिरसाम, पूर्व विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अर्चना कृष्णा गायकी जनपद पंचायत अध्यक्ष सुश्री रोशनी इवने नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा मनोज जगताप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि वर-वधू एवं उनके परिजन मौजूद रहे। कार्यक्रम मे प्रभारी मंत्री एवं अतिथियों द्वारा नवदंपत्तियो को मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत मिलने वाली 49 हजार रुपए राशि के चेक भी प्रदाय किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना बेटियों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। यह योजना लोगों के घरो मे खुशियां ला रही है। प्रदेश की लाखों बेटियों के विवाह इस योजना के माध्यम से हो रहे हैं। चेक के माध्यम से योजना की राशि दी जा रही है जिससे बेटियां अपने नव दाम्पत्य जीवन की जरूरत के हिसाब से सामग्री ले सकेगी। उन्होंने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ भी बेटियों को मिल रहा है। महाविद्यालयो मे पढ़ रही पात्र बेटियो को भी पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपए की राशि भी दी जा रही है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि बेटियों को रोके नहीं उन्हें उन्नति के शिखर पर जाने दे।

कार्यक्रम की शुरुआत मे विधायक भैसदेही धरमूसिंह सिरसाम ने स्वागत भाषण देते हुए नवदंपत्तियों को सफल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर पूर्व विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आर्थिक रूप से कमजोर माता-पिता के बेटी के विवाह के सपने को पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है।

शिवराज सिंह चौहान ने वीसी के माध्यम से आठनेर आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवदंपत्तियों को सफल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक - 2, लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल**

दूरभाष 0755 2465467

क्रमांक 14/ व.ले.लि. / सी. 2 / 2022 - 23 भोपाल, दिनांक 10.04.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्न लिखित कार्यो हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैः-

| क्रं. | एन.आई.टी. क्रं. | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत( रु. लाखों में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | भौतिक रुप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 76/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271417_1 | नन्द गांव सिटी से मीनाक्षी प्लानेट सीटी तक डामरीकृत मार्ग का निर्माण. | रू. 38.63 लाख (रू. अडतीस लाख त्रियसठ हज़ार) | रु. 50,000/- | रू. 5000/- | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है |
| 2 | 77/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271418_1 | डी.के. कॉटेज से सतनामी नगर तक मार्ग का मजबूतीकरण कार्य | रू. 45.56 लाख (रू. पैंतालीस लाख छप्पन हज़ार) | रु. 50,000/- | रू. 5000/- | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है |
| 3 | 78/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271419_1 | सकलेचा हॉस्पिटल से मिसरोद रेल्वे क्रॉसिंग तक मार्ग का मजबूतीकरण कार्य | रू. 47.07 लाख (रू. सैंतालीस लाख सात हज़ार) | रु. 50,000/- | रू. 5000/- | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है |
| 4 | 79/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271420_1 | बागमुगालिया से एम्स (बी.एच.ई.एल) तक मास्टर प्लान मार्ग में मिसिंग लिंक मास्टर प्लान मार्ग का निर्माण कार्य | रु. 55.75 लाख (रु. पचपन लाख पिचहत्तर हजार) | रू. 55.750/- | रु. 10000 | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है |
| 5 | 80/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271421_1 | बीकानेर स्वीट्स से विद्यासागर कॉलेज (डी.आर.एम. तक) मार्ग का मजबूतीकरण कार्य | रु. 67.06 लाख (रु.सडसठ लाख छैङ हजार) | रू. 67.060/- | रू. 10000 | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है। |
| 6 | 81/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271422_1 | कैलाश नगर स्थित छाया किराना स्टोर से औद्योगिक क्षेत्र गोविन्दपुरा तक सड़कों का सी.सी. रोड निर्माण | रू. 70.58 लाख (रू. सत्तर लाख अठावन हज़ार) | रू. 70580/- | रू. 10000 | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है |
| 7 | 82/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271424_1 | दानिश नगर चौराहे से शिक्षक कॉग्रेस कॉलोनी बी.एच.ई.एल, भोपाल तक मार्ग का मजबूतीकरण कार्य. | रू. 84.64 लाख (रू. चौरासी लाख चौंसठ हज़ार) | रू. 84640/- | रू. 10000 | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है |
| 8 | 83/SAC dt 27.04.2023 | 2023_ CPA_ 271431_1 | श्री रामचन्द्र हाईट्स कॉलोनी से अयोध्या बायपास तक आर.सी.सी. रोड एवं आई.सी.आई.सी.आई बैंक के समीप स्लेब कलवर्ट का निर्माण, | रू. 91.24 लाख (रू. इक्यानब्बे लाख चौबीस हज़ार) | रू. 91,240/- | रू. 10,000 | केवल ऑन लाईन प्रस्तुत करना है |

उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डोक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15/05/2023 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है ।

**कार्यपालन यंत्री,**
**राजधानी संभाग क्रमांक - 2**
**लोक निर्माण विभाग, ई-5, अरे कालोनी, भोपाल दूरभाष 0755 2465467**

जी-12444/23

## निगम आयुक्त आदेश पर अवैध होर्डिंग हटाने की कार्यवाही की

**छिंदवाड़ा ।** नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह के आदेश पर निगम के राजस्व अमले ने शहर के सार्वजनिक स्थानों, मुख्य सड़कों और चौराहों से अवैध होर्डिंग हटाने की कार्यवाही की। नगर निगम राजस्व अमले द्वारा जी महासेल, नागपुर रोड, अनगढ़ हनुमान के पास से, पुलिस लाइन गेट के पास से तथा बैल बाजार क्षेत्र से अवैध होर्डिंग हटाए गए। इस कार्यवाही में अतिक्रमण दल प्रभारी एवं सहायक यंत्री नीरज तांबे, प्रभारी राजस्व अधिकारी साजिद खान, दीपक वाघमारे, होर्डिंग शाखा प्रभारी पवन सोनी, दुर्गेश रघुवंशी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मानसून पूर्व मेंटनेंस कार्य आज एक फीडर में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली लाईनों का मानसून पूर्व मेंटनेंस कार्य किया जा रहा है तथा 4 मई को एक फीडर के क्षेत्र में प्रात: 8 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है। म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) ने बताया कि 4 मई को सोनपुर रोड टाउन-2 फीडर की विद्युत लाईन से जुड़े क्षेत्र झंडा चौक, कपूरचंद साहू हनुमान मंदिर छापाखाना, नया छापाखाना, मोतीलाल बुधवारी, डी नेमा मेन रोड, सरदार बिल्डिंग, राजपाल चौक, पोला ग्राउंड, सिटी कोतवाली थाना, बीकानेर, मोहबे मार्केट, इतवारी, फव्वारा चौक, गर्ल्स कॉलेज आदि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## चंदेल सिखा रहे खिलाड़ियों को फिजिकल फिटनेस के गुर

**अमरवाड़ा ।** खेल युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान मे नि:शुल्क फुटबॉल प्रशिक्षण अमरवाड़ा नगर के स्टेडियम में दिया जा रहा है। प्रशिक्षक सी.एस.चंदेल द्वारा फिजिकल फिटनेस, शारीरिक व्यायाम एवं फुटबाल खेल कौशल्य एवं नियम सिखाए जा रहे हैं। उन्होने खिलाड़ियों से छुट्टी का सदउपयोग करने हेतु शाम 4 बज से 6 बजे तक स्टेडियम में पहुंचकर लाभांवित होने की अपील की है। प्रशिक्षण 30 मई तक दिया जाएगा।

## जिला सैनिक बोर्ड की त्रैमासिक बैठक

**छिन्दवाड़ा ।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सैनिक बोर्ड की त्रैमासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने पूर्व सैनिकों, सैनिक विधवाओं व उनके आश्रितों की समस्याओं के निराकरण के लिये आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

## जल मन्दिर का किया शुभारंभ

**छिंदवाड़ा ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के द्वारा शासकीय राजमाता सिंधिया



कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा में निशुल्क प्याऊ का उद्घाटन किया गया। परोपकाराय फलन्ति वृक्षा: परोपकाराय वहन्ति नद्य: । परोपकाराय दुहन्ति गाव: परोपकारार्थ मिदं शरीरम्। एवं परहित सरिस धर्म नहीं भाई।। के भाव को समाज मे परिभाषित करने के लिए अभाविप के कार्यकर्ताओं के द्वारा एसएफडी के माध्यम से पक्षियों के लिए पानी का सकोरा बांधा जा रहा, तो दूसरी ओर एसएफएस के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के लिए पीने के पानी हेतु प्याऊ खोले जा रहे हैं। नगर के शासकीय राजमाता सिंधिया कन्या महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी रमेश पोपली जी के द्वारा प्याऊ का उद्घाटन किया गया। नगर सह मंत्री प्रतिमा डोहले ने एसएफएस गतिविधि के विषय में सबको जानकारी दी, साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीक्षा बंसोड़ के द्वारा अभाविप के माध्यम से किये जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में अभाविप के जिला संयोजक नवींन सिंह राठौड़ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीक्षा बंसोड़ नगर मंत्री मोहित डेहरिया नगर सह मंत्री प्रतिमा डोहले महाविद्यालय से प्रा. डॉ सीताराम शर्मा प्रा. डॉ प्रमोद झाड़े डॉ अनीता शर्मा एवं राखी पाल अंजली डेहरिया प्रिय बघेल प्रियंका पलक संस्कृति इवनाती नेहा इवनाती रागिनी सूर्यवंशी शीलू इवनाती संजना काजल शर्मा वंदना व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्रकार प्रेमकुमार साहू का निधन



**छिंदवाड़ा।** अपने जमाने के पत्रकार रहे गांधी गंज के प्रेमकुमार साहू का आज निधन हो गया, उनकी अंत्येष्ठी में सभी वर्गो के लोगों ने भाग लेकर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# डॉक्टर्स की हड़ताल, कलेक्टर पहुंची जिला अस्पताल

### भर्ती मरीजों से की चर्चा, लगातार मॉनिटरिंग करने एसडीएम को दिए निर्देश



**छिंदवाड़ा ।** जिला चिकित्सालय में डॉक्टर्स की हड़ताल से व्यवस्थाएं न बिगड़े इसको लेकर कलेक्टर शीतला पटले और एसडीएम अतुल सिंह बुधवार की सुबह अस्पताल पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया उन्होने मेडीकल के डीन, सीएमचओ, सिविल सर्जन सहित डॉक्टर्स से बात की और अस्पताल की सेवाओं डाक्टर्स की तैनाती के साथ ही इमरजेंसी व्यवस्था तय करने निजी अस्पतालों और निजी डाक्टर्स की सेवाएं लेने का आकस्मिक प्लान भी तैयार किया। कलेक्टर ने अस्पताल के वार्डो का निरीक्षण भी किया और डयूटी स्टाफ से बात भी की वहीं मौजूद मरीजों के भी हाल चाल जाने कलेक्टर ने कहा कि डाक्टर्स की हड़ताल के चलते मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसको लेकर अस्पताल में इमरजेंसी व्यवस्था तय कर दी गई है। जिला चिकित्सालय में उपचार सुविधाएं यथावत रहेंगी मेजर ऑपरेशन डॉक्टर्स के हड़ताल से लौटने के बाद हो सकेंगे अस्पताल के हर वार्ड की सेवाएं यथावत हैं। कलेक्टर ने मुख्य रूप से शिशु वार्ड, गायनिक वार्ड, आकस्मिक चिकित्सा, आईसीयू सहित ओपीडी और दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया साथ ही डॉक्टर्स की ड्यूटी तय की कलेक्टर शीतला पटले ने बताया कि शासकीय अशासकीय चिकित्सक के हड़ताल पर जाने से रोटेशन पर यहां डॉक्टर कार्य करेंगे और किसी भी प्रकार की असुविधा मरीजों को नहीं होगी उन्होने एसडीएम अतुल सिंह को जिला अस्पताल की व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में रोजाना डेढ़ से दो हार मरीजों की ओपीडी और 6 सौ से अधिक मरीज भर्ती हैं डॉक्टर्स की हड़ताल से व्यवस्थाएं लड़खड़ा गई हैं। मरीजों को इलाज में दिक्कत न हो इसको लेकर कलेक्टर ने व्यवस्था बनाने का प्रयास किया है। बताया जाता है कि चिकित्सकों की हड़ताल को हाईकोर्ट ने अवैध बताते हुए तुरंत डृयूटी पर लौटने का आदेश दिया है।

## मुख्यमंत्री जनअभियान 10 से 25 मई तक चलेगा

### निगमायुक्त राहुल सिंह ने ली साप्ताहिक समीक्षा बैठक





**छिंदवाड़ा ।** निगम टी एल के अंतर्गत आयुक्त ने कॉलोनी विकास के कामों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वार्डों में प्रस्तावित बैडमिंटन व बास्केटबॉल खेल के कोर्ट व मैदानों के निर्माण के अनुकूल स्थलों की सूची अनुसार निर्माण कार्य शुरू किए जाने के संबंध में आयुक्त ने चर्चा कर ज़रूरी निर्देश दिए। अप्रारंभ आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण हेतु ऑन लाइन निविदा आमंत्रण करने के निर्देश आयुक्त ने दिए एवं पीएमएवाय के अप्रारंभ आवासों के निर्माण कार्य प्रारम्भ होने की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित इंजीनियरों के कार्य पर असंतोष प्रकट करते हुए उन्हें सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए।असुरक्षित स्थिति के कुओं बावड़ियों की तैयार सूची अनुसार संबंधित व्यक्ति को सुधार हेतु नोटिस जारी कर मॉनिटरिंग करने एवं आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिए।ट्रांसपोर्ट नगर के विकास कार्य के संबंध में आयुक्त ने ट्रांसपोर्टस से बैठक करने के निर्देश दिए। शहर की अनधिकृत कॉलोनियों के ले आउट प्रकाशन 02 मई को हो चुके हैं इस पर शीघ्र जवाब अद्यतन कराने के निर्देश आयुक्त ने दिए।आयुक्त ने वार्ड नं 17 स्थित चौहारी नाले पर से अतिक्रमण हटाने ,वहां की सफाई करने एवं पार्क की सफाई तथा पार्किंग की व्यवस्था पर जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।आयुक्त ने मुख्य सड़कों और चौराहों से विज्ञापन होर्डिंग हटाने, अवैध कॉलोनियों के ले आउट तोड़ने एवं इनकी एफआईआर दर्ज करने संबंधी कार्यवाही व अग्नि दुर्घटना की रोकथाम करने से संबंधित कार्यवाही पर भी जानकारी लेकर संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। एएचपी के भवनों के लिए जारी की गई विशेष निधि के उपयोगिता प्रमाणपत्र , शहर में पालतू पशुओं का रजिस्ट्रेशन करने , स्ट्रीट खम्बों में लाइट लगाने , अवैध दुकानों का निर्माण कार्य रोकने , निगम की रिकॉर्ड शाखा को दुरुस्त करने सहित पेंशन व संबल योजना के प्रकरणों पर भी आयुक्त ने जानकारी लेकर निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर टी एल , ऑन लाइन निविदा की स्थिति तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई। बैठक में निगमायुक्त राहुल सिंह, कार्यपालन यंत्री ईश्वर सिंह चंदेली, उपायुक्त कमलेश निरगुडकर सहित सभी शाखा प्रमुख उपस्थित रहे।

## भगवान बुद्ध की जयंती निकलेगी विशाल कैंडल रैली

**छिंदवाड़ा ।** 5 मई को वैशाखी पूर्णिमा के दिन तथागत भगवान बुद्ध की 2567वीं जयंती समारोह का कार्यक्रम समता बुध विहार अंबेडकर नगर छिंदवाड़ा में संपन्न होगा । आयोजित कार्यक्रम के संबंध में डॉ आंबेडकर समता विकास समिति के अध्यक्ष सुभाष नागले महासचिव सतीश गोंडाने दादा राव मोडघरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष छवि खांडेकर कोषाध्यक्ष मयंक गजभिए द्वारा बताया गया है कि बुद्ध जयंती के दिन प्रात: 9 बजे बौद्ध विहार में ध्वजारोहण किया जाएगा, उसके पश्चात त्रिशरण पंचशील मंगल मैत्री का पाठ होगा । 9.30 बजे धम देशना संजय नगरकर नागपुर द्वारा, सभी धर्म प्रेमियों को दी जाएगी । 11.30 बजे खीर वितरण का कार्यक्रम होगा । 12.30 से 3 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम बौद्ध विहार में होगा सायं के कार्यक्रम के अंतर्गत सायं 6.30 बजे आंबेडकर तिराहा परासिया रोड पर सभी एकत्र होकर वहां से शाम 7 बजे कैंडल रैली निकाली, जाकर बौद्ध विहार तक पहुंचेगी, जहां बौद्ध विहार में पंचशील बुद्ध वंदना की जाएगी और उसके पश्चात बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 8:00 बजे से प्रारंभ होंगे । उसके पश्चात सामूहिक भोजन दान का कार्यक्रम होगा । समिति के महासचिव सतीश गोंडाने ने पदाधिकारियों ओर समस्त बौद्ध अनुयायियों को निवेदन किया गया है कि कार्यक्रम में सपरिवार बच्चों के साथ सफेद वस्त्र धारण कर कार्यक्रम में शामिल होकर इस बुद्ध जयंती के कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

## प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार ने की बूथ सशक्तिकरण की समीक्षा



**छिंदवाड़ा ।** भारतीय जनता पार्टी की जिला प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार ने बूथ सशक्तिकरण की समीक्षा की एवं अच्छा काम करने वाले भाजपा मंडल अध्यक्षों को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया और आगामी संगठनात्मक कार्यो को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस अवसर भाजपा जिलाध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, पूर्व विधायक पंडित रमेश दुबे, नानाभाऊ मोहोड़, मारोतराव खवसे, नत्थनशाह कवरेती, ताराचंद बावरिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार, भाजपा जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, परमजीत सिह विज, श्रीमती कांता ठाकुर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शेषराव यादव, विजय झांझरी, सहित विधानसभा के संयोजक, मोर्चो के जिलाध्यक्ष और सभी मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। इसके पश्चात् सुश्री कविता पाटीदार ने महिला मोर्चा की बैठक महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती गरिमा प्रतीक दामोदर एवं मोर्चा की बहनों की बैठक ली जिसमें आगामी 8 एवं 9 मई को महिला मोर्चा द्वारा मंडल स्तर पर एवं विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम करने हेतु निर्देशित किया ।

### सुश्री कविता पाटीदार का किया पुष्पगुच्छ से स्वागत

छिंदवाड़ा। भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष दिनेश अंगारिया, जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, अमरवाड़ा नगर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल, अमरवाड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विनोद चन्द्रवंशी, बटकाखापा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव ने सर्किट हाउस छिंदवाड़ा में पहुंचकर भारिया विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाने पर प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार को पुष्पगुच्छ देकर धन्यवाद दिया ।

## 74.35 करोड़ रूपए की डीपीआर तैयार

### बैठक में किया गया अनुमोदन





**छिंदवाड़ा ।** कलेक्टर सभा कक्ष में अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत 2.0) योजना अंतर्गत डीपीआर के अनुमोदन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में शासन द्वारा अमृत 2.0, ट्रांच - 02 योजना अंतर्गत छिंदवाड़ा की समस्त नगरीय निकायों में स्वीकृत वाटर सप्लाई वाटर बॉडी एवं पार्क परियोजनाओं की डीपीआर पर चर्चा की गई। इस बैठक में नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा द्वारा सिटी बैलेंस वाटर प्लान के सर्वे उपरांत 74.35 करोड़ रूपए की डीपीआर तैयार की गई। इस डीपीआर अंतर्गत राशि 74.35 करोड़ रूपए का अनुमोदन बैठक किया गया। अनुमोदन उपरांत डीपीआर शासन के पास स्वीकृति हेतु भेजा जाएगा। बैठक में पांढुर्णा विधायक नीलेश उईके, जिला कलेक्टर शीतला पटले, नगर निगम महापौर विक्रम अहके, छिंदवाड़ा विधानसभा विधायक प्रतिनिधि प्रबल सक्सेना, निगमायुक्त राहुल सिंह, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण आर एस बाथम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नगरीय निकाय के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक वर्ग को रिझाने के लिए बजरंग दल प्रतिबंध की बात कर रही कांग्रेस

### तुष्टिकरण की राजनीति कांग्रेस के जींस में, कर्नाटक में भी वही कर रही पार्टी

**छिंदवाडा ।** कांग्रेस पार्टी शुरू से तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है, क्योंकि वह कांग्रेस के मूल जींस में है। कर्नाटक में बजरंग दल पर प्रतिबंध की बात करना भी कांग्रेस की ऐसी राजनीति का हथकंडा है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष और जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान ने कही।

### बजरंग बली का विरोध कर रहे राम के अस्तित्व को नकारने वाले

जिला अध्यक्ष और जिला मीडिया प्रभारी संदीपसिंह चौहान ने कहा कि बजरंग दल देश का एक ऐसा संगठन है, जो सामाजिक दृष्टि से, हमेशा लोगों के साथ खड़ा रहता है और देश तथा समाज के हित में अपनी भूमिका निभाता है। कांग्रेस के लोगों ने पहले भगवान राम पर आक्रमण किया। उन्हें एक काल्पनिक किरदार बताकर उनके अस्तित्व को ही नकारने का प्रयास किया। अब वही कांग्रेस के लोग बजरंग दल पर प्रतिबंध की बात करके बजरंग बली का भी विरोध कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में भी दिग्विजयसिंह के इशारे पर चलने वाली कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने तुष्टिकरण के ऐसे ही प्रयास किए थे। कांग्रेस के ये प्रयास निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण हैं।

### सुनिश्चित हार देखकर बौखला गई है कांग्रेस

जिला अध्यक्ष और जिला मीडिया प्रभारी संदीप सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार सबका साथ,सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र पर काम करते हुए आगे बढ़ रही है। पूरे देश के साथ-साथ कर्नाटक में भी मोदी का जादू चल रहा है। इसके चलते कांग्रेस को अपनी हार तय दिखाई दे रही है। हार से बौखलाई कांग्रेस ने अपना तुष्टिकरण का पांसा चल दिया है, ताकि एक वर्ग को खुश करके उसके वोट लिए जा सकें। बजरंग दल पर प्रतिबंध की बात करना कांग्रेस की इन्हीं कोशिशों में से एक है। लेकिन देश और कर्नाटक ने कांग्रेस को बहुत करीब से देखा है और कर्नाटक की जनता यह बता देगी कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति चलने वाली नहीं है।

## श्री बड़ी माता मंदिर का भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह 24 एवं 25 मई को

### जगतगुरु शंकराचार्य के सानिध्य में होगा आयोजित



**छिंदवाड़ा ।** श्री बड़ी माता मंदिर के जीर्णोद्धार एवं पुर्ननिर्माण के भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद महाराज का आगमन होगा। श्री बड़ी माता मंदिर का भूमिपूजन एवं शिलान्यास समारोह 24 एवं 25 मई को जगतगुरु शंकराचार्य के सानिध्य में आयोजित किया गया है। श्रीधाम परमहंसी आश्रम से जारी कार्यक्रम के मुताबिक पंडित सोहन शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि बताया कि 24 मई को दोपहर 3 बजे जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज का नगर आगमन होगा। श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर से श्री बड़ी माता मंदिर तक स्वागत कलश यात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार, 25 मई को सुबह 10 बजे से भूमिपूजन एवं शिलान्यास, प्रात: 11 बजे से शंकराचार्य जी के आशीर्वचन, दोपहर 12 बजे से महाप्रसाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

**शंकराचार्य बनने के बाद पहली बार आ रहे छिंदवाड़ा**

गौरतलब हो कि शंकराचार्य बनने के बाद पहली बार स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद छिंदवाड़ा आ रहे हैं ऐसे में उनके स्वागत की तैयारी भी की जा रही है। मंदिर ट्रस्ट मीडिया प्रभारी गौरव सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि महाराज श्री के आगमन को लेकर विशेष रूप से व्यवस्था बनाई जा रही है उन्हीं के द्वारा मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी।

## नियमितीकरण,जिला संवर्ग में संविलियन, 90 प्रतिशत वेतन में बढ़ोतरी की मांग

### सहायक सचिव संगठन के द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल



**सौसर ।** जनपद पंचायत सौसर सहायक सचिव संगठन के द्वारा रक्तदान का आयोजन करके हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को समर्पित किया गया है इस हड़ताल को 52 दिन हो गए हैं। जिसमें निम्नलिखित सहायक सचिव के मांगे हैं। 1 नियमितीकरण। 2री जिला संवर्ग में संविलियन। तीसरी संविदा नियमों के अनुसार 90 प्रतिशत वेतन में बढ़ोतरी आदि अन्य मांगों हेतु हड़ताल जारी है। सहायक सचिव संघ पिछले 12 वर्षों से 9000 के अल्प वेतन में काम कर रहे हैं सहायक सचिव महासंघ के द्वारा। हर दिन हर प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं यह हड़ताल अनिश्चितकालीन है। यदि सरकार हमारी मांगों पर विचार नहीं करती है तो आगे और उग्र आंदोलन किया जायेगा आज के इस कार्यक्रम में सहायक सचिव संगठन के अध्यक्ष विष्णु घोर मारे उपाध्यक्ष राकेश रावत सहायक सचिव संघ संगठन से शेषराव चौधरी, अजय यादव, योगेश विसके, कैलाश शरणकर, मनीष पाटिल, संदीप ठाकरे, प्रवीण ताजने, उमेश्वर ताजने, रागिना वासनिक, प्रियंका बागडे, रुपाली धोमने, गणेश मनमोड़े, देवानंद नारनवरे, श्रीराम ढूंढे, सहायक सचिव संगठन सौसर के मीडिया प्रभारी प्रमोद सोमकुवर द्वारा यह जानकारी दी गई और अन्य सहायक सचिव द्वारा भी रक्तदान हमारे प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान। को समर्पित किया गया है। और आज दिनांक। 4 मई 2023 को भवानी माता मंदिर सौसर से पदयात्रा का आयोजन किया गया है। यह यात्रा हनुमान मंदिर जामसावली में महा आरती करने के पश्चात समापन की जाएगी जिसमें। छिंदवाड़ा महासंघ द्वारा भी उपस्थिति दर्ज की जाएंगी।

# कलेक्टर श्रीमती पटले ने स्कूल भवन के चिन्हित स्थल का किया आकस्मिक निरीक्षण

## कलेक्टर ने अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा आज जिले के परासिया स्थित सी.एम.राईज स्कूल भवन के चिन्हित स्थल के साथ ही स्कूल भवन के अन्य कक्षों का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा अधिकारियों की समीक्षा बैठक भी ली। उन्होंने पुराने भवनों को डिस्मेंटल करने और विद्यार्थियों के लिये उपयुक्त कक्षों की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये । उन्होंने एल.ई.डी.के माध्यम से स्मार्ट क्लास की जानकारी ली और ई-लाईब्रेरी पाठशाला से पढ़ाने की प्रक्रिया का व्यवहारिक रूप से परीक्षण भी किया । उन्होंने एसडीएम कार्यालय भवन के प्रस्तावित स्थल का भी आकस्मिक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिये । इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पार्थ जैसवाल, एसडीएम श्री पुष्पेन्द्र निगम, तहसीलदार श्रीमती सविता यादव, नायब तहसीलदार श्रीमती अनुकृति मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री रविकांत उके, अन्य अधिकारी, सी.एम.राईज स्कूल के प्राचार्य श्री अवधेश वर्मा, शिक्षक-शिक्षिकायें और हल्का पटवारी उपस्थित थे ।कलेक्टर श्रीमती पटले ने बैठक में एसडीएम को निर्देश दिये कि उनके अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों और जनपद पंचायत में पटवारियों के माध्यम से कुंये, बावड़ी व बोरवेल का सर्वे करायें तथा क्षतिग्रस्त, बिना पैराफिट व जाली के कुंये और बावड़ी में पैराफिट बनवाने के साथ ही जाली लगवायें एवं अत्यंत क्षतिग्रस्त कुंये और बावड़ी का अच्छी तरह से भराव करायें जिससे कोई दुर्घटना नहीं हो सके । इसी प्रकार खुले बोरवेल को भी बंद करायें । उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के माध्यम से क्षतिग्रस्त कुंये और बावड़ी व खुले बोरवेल की जानकारी मिलती है तो इस पर भी समुचित कार्यवाही करें । उन्होंने आम जन से भी क्षतिग्रस्त कुंये और बावड़ी व खुले बोरवेल की जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है जिससे दुर्घटना से बचा जा सके । उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत इस क्षेत्र की महिलाओं की अनंतिम सूची में शामिल सभी महिलाओं के बैंक खातों में आधार लिंकिंग और डी.बी.टी.कराया जाना सुनिश्चित करें । बैठक में एसडीएम श्री निगम ने पटवारियों के माध्यम से कुंये, बावड़ी व बोरवेल का सर्वे कराये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी ।

## सुपर्ण की टीम मेटाडोर्स ने जीता पहला एम पी टी एल खिताब





**छिंदवाड़ा ।** इंदौर टेनिस क्लब इन्दौर में आई पी एल की तर्ज पर खेली जा रही प्रदेश की पहली मध्य प्रदेश टेनिस लीग (एम पी टी एल) का खिताब मेटाडोर्स की टीम ने अपने नाम कर लिया है। ज्ञात होवे कि यह वही टीम है जिसमें जिले के प्रतिभावान टेनिस खिलाड़ी सुपर्ण पाठक खेलते हैं। मेटाडोर्स के खिलाडियों ने शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए जेंटेक हॉक की टीम को 7-5 से हराकर ट्राफी अपने नाम किया। मैच के दौरान हुई बारिश के कारण मैच रात्रि के 2 बजे तक संपन्न हो पाए। सुपर्ण ने इस शानदार प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए ऑर्गनाइजिंग कमेटी, एंपायर्स, बाल पिकर्स, स्पॉन्सर्स और दर्शकों को धन्यवाद दिया। अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार और प्लेटो क्लब परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे ही प्रतियोगिता होनी चाहिए जिससे मध्य प्रदेश में टेनिस का स्तर बढ़ेगा। सुपर्ण पाठक की इस उपलब्धि पर प्लेटो क्लब छिंदवाड़ा के सभी सदस्य बहुत गर्व महसूस कर रहे हैं और उन्हें बहुत बहुत बधाई दे रहे हैं।

## महापौर विक्रम अहके ने साफ-सफाई एवं निर्माणाधीन कार्यों का जायजा लिया



**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं छिंदवाड़ा जिले के सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार छिंदवाड़ा को साफ-सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रयत्नशील छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके जी आये दिन शहर के प्रत्येक वार्डो में साफ-सफाई एवं निर्माणाधीन कार्यो की गुणवत्ता का जायज़ा लेने पहुँच रहे हैं इसी क्रम में आज महापौर जी प्रात: वार्ड क्रमांक 21 में परिवारजनों के बीच उनकी समस्याओं को जानने हेतु एवं साफ-सफाई का निरीक्षण करने पहुँचे जहाँ महापौर ने यथास्थान पर अधिकतम समस्याओ का समाधान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर कराया एवं छिंदवाड़ा को स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे 2023 में 5 स्टार रैंकिंग में प्रथम स्थान पर लाने हेतु सहयोग करने की अपील की इस दौरान साथ में शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष पप्पू यादव जी , जोन प्रभारी बाबूलाल चौहान जी , पप्पू बिंजुकर जी जफ्फार भाई मुजफ्फर भाई एवं धीरज राउत जी उपस्थित थे आपका महापौर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत बारिश की रिम-झिम फुहारों के बीच छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके जी वार्ड क्रमांक 21 के परिवार जनों के बीच पहुँचे। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं छिंदवाड़ा जिले के लाड़ले सांसद नकुलनाथ की मंशानुसार छिंदवाड़ा को साफ-सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए प्रयत्नशील छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके आये दिन शहर के प्रत्येक वार्डो में साफ-सफाई एवं निर्माणाधीन कार्यो की गुणवत्ता का जायज़ा लेने पहुँच रहे हैं इसी क्रम में आज महापौर जी प्रात: वार्ड क्रमांक 21 में परिवारजनों के बीच उनकी समस्याओं को जानने हेतु एवं साफ-सफाई का निरीक्षण करने पहुँचे जहाँ महापौर ने यथास्थान पर अधिकतम समस्याओ का समाधान सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित कर कराया एवं छिंदवाड़ा को स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे 2023 में 5 स्टार रैंकिंग में प्रथम स्थान पर लाने हेतु सहयोग करने की अपील की

# डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे के राजनीति में आने की खबर से सियासी गलियारों में हलचल



**छतरपुर।** इन दिनों छतरपुर जिला राजनीतिक हलकों में छाया हुआ है। जिले में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे अग्रवाल के राजनीति में आने की खबर ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी है। तो वहीं उन्होंने बोला है कि यह तो आने वाला समय ही बतायेगा और कहा कि अगर बेहतर अवसर मिला तो इस बारे में जरूर सोचूंगी। फिलहाल अभी मैं प्रशासनिक दायित्व में हूँ। फिर भी उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सभी पार्टियां अपने अपने लेबिल पर सर्वे कर रहीं हैं और जो भी मेरे सिद्धांतों के साथ और स्वतंत्रता मिलेगी तो मैं जारूं विचार करूंगी अभी सिर्फ नाम आया है। मैंनें अभी अपना स्टेटमेंट नहीं दिया है कि मैं अभी नोकरी छोड़ूंगी, समय आने पर देखा जायेगा फिलहाल स्तीफा देने वाली अभी बात नहीं है। दरअसल खबर ये है कि वो मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के आमला विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतर सकती हैं, हालांकि किस पार्टी से वो चुनावी सफर की शुरुआत करेंगी ये तो अभी तय नही है, लेकिन आगामी चुनाव में उनकी भागीदारी होगी इस बात से इंकार नही किया जा सकता।

दरअसल डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे अग्रवाल वर्तमान में छतरपुर जिले के लवकुशनगर की एसडीएम है, और अपनी सरल,सहज कार्यशैली के लिए जानी जाती हैं, उन्होंने बताया कि बतौर डिप्टी कलेक्टर उनकी पहली पोस्टिंग बैतूल जिले में हुई थी और वहां लगभग साडे 3 साल का कार्यकाल उन्होंने गुजारा और इस दरमियान आमला में भी उन्होंने अपनी सेवाएं दी, वहां की जनता उन्हें बेहद स्नेह करती है, और उन्होंने अपने कार्यकाल में सामाजिक न्याय और समाज के अंतिम छोर तक के व्यक्ति को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने व न्याय दिलाने को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी, और यही वो वजह है कि मीडिया व अन्य सर्वे में आमला की जनता को उनमे अपने जनप्रतिनिधि का चेहरा नजर आ रहा है, हालांकि प्रशासनिक पद पर रहते हुए निशा बांगरे अग्रवाल स्पष्ट रूप से यह नहीं कह पा रही कि वह किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगी, लेकिन उन्होंने इशारों इशारों में यह जरूर कह डाला की वो चुनावी मैदान में उतारने का मन बना चुकी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि प्रशासनिक अधिकारी हो या जनप्रतिनिधि सभी माध्यम अपने स्तर पर श्रेष्ठ होता है बस काम ईमानदारी, सजगता से किया जाय, प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर मैंने अपने कर्तब्यों का निर्वहन किया है लेकिन अगर इससे अच्छा मुझे मौका मिलेगा तो मैं उसपर विचार करूंगी, क्योंकि हमें हमेशा प्रोग्रेसिव थॉट पर होना चाहिए।

बैतूल ने मुझे अलग तरह के अवसर दिए जनता की आवाज है, जनता से नाम निकल कर आया है, अगर मुझे उस लायक समझा जाएगा और इससे अच्छा कोई अवसर मिलेगा तो अपनी माटी के लिए मैं अपना तन-मन-धन और जीवन कुर्बान कर दूंगी।



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉरपोरेशन के नवनियुक्त प्रबंधकों ,सहायक गुणवत्ता नियंत्रकों और उपयंत्रियों को नियुक्ति आदेश प्रदान किए।



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिरसा क्रिकेट लीग की 32 टीमों के कप्तान व उप कप्तानों से निवास कार्यालय भवन समत्व में संवाद किया।

## डॉक्टरों ने हड़ताल वापस ली

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में चिकित्सा महासंघ के बैनर पर चल रही डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को वापस ले लिया गया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासकीय स्वशासी चिकित्सक महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ राकेश मालवीय और अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर से मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा गया है कि माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिका के परिप्रेक्ष में चिकित्सा महासंघ तत्काल प्रभाव से अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को वापस लेता है। महासंघ द्वारा पत्र में प्रदेश के सभी चिकित्सक को शीघ्र ही कार्य पर लौटने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि प्रदेश के 15000 चिकित्सक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे और कल दिन भर मध्यप्रदेश के चिकित्सालय में कामकाज बाधित हुआ था और मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा था। हालांकि प्रशासन ने अपने स्तर पर सभी संभव प्रयास किए थे लेकिन फिर भी दिक्कतें आ रही थी। इसी बीच हाई कोर्ट द्वारा आदेश पारित होने से अब चिकित्सक कार्य पर लौटने लगे हैं।



# भाजपा विश्व पटल पर भारत को सिरमौर बनाने के लिए कार्य कर रही : मुरलीधर

### प्रदेश प्रभारी ने शाजापुर जिले में बैठक एवं त्रिदेव सम्मेलन को किया संबोधित





**शाजापुर।** भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करने का काम किया। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प पूरा होने जा रहा है। साथ ही तीन तलाक को भी समाप्त कर दिया। अब सबसे बड़ा कोई काम बचा है तो वह है भारत को फिर से विश्वगुरु बनाना है। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता इस कार्य के लिए कृत संकल्पित है। भारतीय जनता पार्टी विश्व पटल पर भारत को सिरमौर बनाने के लिए कार्य कर रही है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव ने शाजापुर के जिला कार्यालय में पार्टी के जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियां की बैठक में कही। श्री राव ने आगामी विधानसभा चुनाव एवं पार्टी के कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव बुधवार को शाजापुर प्रवास पर आए थे। उन्होंने इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष, महामंत्रियां की बैठक को संबोधित किया। श्री राव ने दुपाड़ा रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में बूथ समिति के त्रिदेव एवं पंच परमेश्वर के सम्मेलन को भी संबोधित किया। श्री राव ने स्थानीय प्रसिद्ध मां राज राजेश्वरी माता मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात पार्टी के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की बैठक में शामिल हुए। श्री राव जिला कोर कमेटी की बैठक में भी शामिल हुए।

मुरलीधर राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग सत्ता में आने का इंतजार कर रहे है। कांग्रेस के पास इंतजार के अलावा कोई काम नहीं बचा है। भाजपा सरकार के तीन साल निकल गए पर उन्होंने कोई आंदोलन, धरना प्रदर्शन नही किया, क्योंकि सिर्फ वे सत्ता का इंतजार कर रहे है। भाजपा विपक्ष में भी होती है तो कोई कार्यकर्ता चेन से नही बैठता। कभी जेल भरता है तो कभी आंदोलन करके जनता की आवाज बनता है। भारतीय जनता पार्टी इतनी जल्दी थकने वाली पार्टी नही है। आने वाले 25 साल तक भाजपा सरकार में रहेगी। सिर्फ सत्ता पाने के लिए भाजपा की स्थापना नही हुई है भाजपा की स्थापना भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए हुई है।

राव ने कहा कि देश में कोई राजनैतिक दल नही है जो भारत माता की जय बोलते है, सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ऐसा दल है जिसका कार्यकर्ता हर वक्त भारत माता की जय बोलते है। राव ने कहा कि देश में बहुत से राजनैतिक दल काम करते है जो परिवार से चलते है। सिर्फ भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा दल है जो कार्यकर्ताओं से संचालित होती है। भाजपा से ही भारतीय संस्कृति और भारत की विविधता है। कांग्रेस हमारी संस्कृति और विविधता को खत्म करने में लगी है। श्री राव ने कहा कि केंद्र और प्रदेश में हमारी सरकार ने कई विकास कार्य किए है। आमजनों को कई कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया है, उन्ही लाभार्थियों को हमें मतदाता के रूप में बदलना है। हमें सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के बूथ विजय संकल्प अभियान के माध्यम से प्रत्येक बूथ पर 51 प्रतिशत वोट बढाने का कार्य करना है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उज्जैन संभाग प्रभारी आलोक शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री ब्रजेंद्र सिंह यादव, जिलाध्यक्ष अशोक नायक सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाया: माया नारोलिया

### महिला मोर्चा अध्यक्ष ने सीधी में बहनों को सुषमा स्वराज अवार्ड से किया सम्मानित और मुख्यमंत्री का जताया आभार



**सीधी।** मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने महिलाओं के लिए अनेकों योजनायें बनाकर उन्हें सशक्त बनाने का काम किया है। आज मध्यप्रदेश में बेटी पैदा होते ही लाडली लक्ष्मी बन जाती है और 18 साल की उम्र तक पहुंचते ही लखपति बन जाती है। बेटियों की शिक्षा से लेकर उनके विवाह तक की चिंता उनके लाडले मामा ने की है। यह बात भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ने सीधी में लाडली बहना योजना प्रदेश में लागू करने के लिए मुख्यमंत्री के धन्यवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

माया नारोलिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने प्रत्येक बहन की आत्मनिर्भरता के लिये लाडली बहना योजना लागू की है। समस्त पात्र बहनों को प्रत्येक माह 1 हजार रुपये मिलेंगे, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। श्रीमती नारोलिया ने लाडली बहना योजना के लिये समस्त महिलाओं की ओर से मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में विधायक केदारनाथ शुक्ला, जिलाध्यक्ष श्री देव कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रशरण सिंह चौहान, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री व संभाग प्रभारी आशा गुप्ता, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी, सहित बहनें उपस्थित थीं।

**बहनों को सुषमा स्वराज अवार्ड से किया सम्मानित:** विभिन्न समाजों के कई क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों को प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती नारोलिया ने सुषमा स्वराज अवार्ड से भी सम्मानित किया। योग के क्षेत्र से सुजाता मिश्रा, शिक्षा के क्षेत्र से अजिता द्विवेदी, समाजसेवा के क्षेत्र से मीना गुप्ता, स्वसहायता समूह की कार्यकर्ता शांति रावत, पुलिसकर्मी सुप्रिया तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीमती प्रियंका मिश्रा, प्रथम नगर पालिका अध्यक्ष रही अंजू केसरी, पूर्व पार्षद गीता तिवारी, स्वच्छता कर्मी शांति भारती को सुषमा स्वराज अवार्ड प्रदान कर उनको सम्मानित किया।



क्षेत्रीय विद्यालय में छात्र परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## भाजपा का 6 हजार स्थानों पर बूथ विजय संकल्प अभियान प्रारंभ

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के 4 से 14 मई के बीच चलने वाले बूथ विजय संकल्प अभियान प्रदेश के 6 हजार स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। अभियान को लेकर बुधवार को प्रदेश कार्यालय में वर्चुअल बैठक संपन्न हुई। बैठक को प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री श्री हितानंद जी ने प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारियों की वर्चुअल बैठक को संबोधित किया। बैठक को पार्टी के प्रदेश मंत्री श्री रजनीश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। पार्टी के प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ विजय संकल्प अभियान ऐतिहासिक है। यह अभियान प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के महाविजय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पार्टी ने पूर्व में श्रद्धेय कुशाभाऊ जन्म शताब्दी वर्ष में बूथ विस्तारक अभियान और बूथ विस्तारक अभियान-2 चलाया था। बूथ पर एक बार फिर आयोजित बूथ विजय संकल्प अभियान से बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं में टीम भावना का निर्माण होगा। कार्यकर्ता प्रशिक्षित होकर जनता के बीच पहुंचकर पार्टी के जनाधार को और मजबूत करेंगे।

# आईपीएस ने लिखी...

### पेज एक का शेष...

यह पुस्तक में डॉ. अमर कुमार पांडे द्वारा डॉन रवि पुजारी की खोज के लिए दुनिया भर में चलाए अभियान और और अंत में पश्चिम अफ्रीकी देश सेनेगल में उसका पता लगाकर और पहचानकर उसे पकड़ने और भारत प्रत्यर्पित करने की कहानी है। यह डॉन 27 साल से भूमिगत था, लेकिन उसकी देशभर में गंभीर आपराधिक गतिविधियां जारी रही। इस पुस्तक के भव्य लॉन्च के बारे में बात करते हुए, डॉ अमर कुमार पांडे ने कहा 'ए डॉन्स नेमेसिस' डॉन रवि पुजारी को भारत के कानून के शिकंजे में कसने और उसे राष्ट्र के नागरिकों के प्रति जवाबदेह होने के लिए मजबूर करने की गाथा है।

इस अवसर पर निर्देशक और निर्माता उमेश शुक्ला (मेरी गो राउंड स्टूडियोज) ने इस रोमांचकारी कहानी पर एक फिल्म प्रोजेक्ट की घोषणा की। इसके बारे में उन्होंने कहा कि 'ए डॉन्स नेमेसिस' डॉ अमर कुमार पांडे की एक इनसाईटफुल जर्नी है और मुझे लगता है कि यह एक ऐसी कहानी है जिसके बारे में हर भारतीय को पता होना चाहिए। यह प्रेरणादायी है और हमारे भारतीय पुलिस बल के समर्पण को दर्शाता है कि किसी भी कीमत पर न्याय मिलना ही चाहिए।

### मूलतः बिहार के हैं अमर कुमार पांडे

बिहार ने देश को कई आईएएस, आईपीएस अधिकारी दिए,इनमें से एक अफसर हैं आईपीएस अधिकारी अमर कुमार पांडे। आज भी इनके नाम से अंडरवर्ल्ड डॉन रवि पुजारी खौफ खाता है। डॉन रवि पुजारी भारत छोड़कर विदेश में ऐश कर रहा था, तब उसे भारत लाने में अमर कुमार पांडे की अहम भूमिका रही थी। अमर कुमार पांडे बिहार से 1989 कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। उन्होंने राज्य पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर 33 साल की सेवा की। अमर कुमार पांडे ने राजमार्गों पर एम्बुलेंस सेवा शुरू की और धारवाड़ के एसपी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान सैकड़ों लोगों की जान बचाई। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अमर कुमार पांडे कर्नाटक पुलिस विभाग में थे। 31 दिसंबर 2022 को अमर कुमार पांडे सेवा से रिटायर हो गए। उन्होंने अंडरवर्ल्ड डॉन रवि पुजारी और बन्नंज राजा को गिरफ्तार करने और भारत वापस लाने में अहम भूमिका निभाई थी। अमर पांडे कर्नाटक ने अग्निशमन बल और आपातकालीन सेवाओं के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) के रूप में भी कार्य किया।

### पेज एक का शेष...

# ईडी निदेशक संजय कुमार.....

इससे पहले मेहता ने कहा कि मिश्रा का सेवा विस्तार प्रशासनिक कारणों से जरूरी है और वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) द्वारा भारत के आकलन के लिए महत्वपूर्ण है. मेहता ने कहा, ''धनशोधन को लेकर भारत के कानून की अगली समीक्षा 2023 में होनी है और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय में नेतृत्व की निरंतरता महत्वपूर्ण है कि भारत की रेटिंग नीचे न गिरे.''

उन्होंने कहा कि कार्य बल के साथ पहले से ही बातचीत कर रहा व्यक्ति इससे निपटने के लिए सबसे उपयुक्त है. सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि हालांकि कोई व्यक्ति इतना अहम नहीं होता कि उसके बाद काम नहीं हो सके, लेकिन ऐसे मामलों में निरंतरता जरूरी होती है. दलीलों की शुरुआत में सॉलिसिटर जनरल ने कुछ जनहित याचिकाएं दायर करने वाले राजनीतिक दलों के उन नेताओं के हस्तक्षेप के अधिकार पर सवाल उठाया, जिन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख की सेवा में विस्तार की अनुमति देने वाले संशोधित कानून को चुनौती दी है।

शीर्ष अदालत ने मेहता के इस प्रतिवेदन पर असहमति जताई और कहा, ''केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल का सदस्य है, क्या यह उसे याचिका दायर करने की अनुमति नहीं देने का आधार हो सकता है? क्या उसे अदालत आने से रोका जा सकता है?'' मेहता अपनी बात पर अड़े रहे और उन्होंने कहा कि जनहित याचिका को निजी हित नहीं, बल्कि जनहित तक सीमित होना चाहिए. मामले में सुनवाई पूरी नहीं हो सकी और आठ मई को जारी रहेगी।

अदालत ने मिश्रा को तीसरी बार सेवा विस्तार दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका पर 12 दिसंबर को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा था. आधिकारिक आदेश के अनुसार, केंद्र सरकार ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी के पद पर मिश्रा को एक साल के लिए तीसरा सेवा विस्तार दिया था. सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 1984 बैच के आईआरएस अधिकारी 18 नवंबर, 2023 तक पद पर रहेंगे।